शनिवार, 13 सितम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 32 |
| आर्द्रता | 76% |
| सूर्योदय: 5:22 | सूर्यास्त: 17:44 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आश्विन कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : छल कपट उतना ही करना चाहिए जितना भुगतने की शक्ति हो।



छत्तीसगढ़: गरियाबंद जिले में मारे गए 10 नक्सलियों पर था कुल 5.25 करोड़ रुपये का इनाम पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# दक्षिणेश्वर मेट्रो स्टेशन पर किशोर की चाकू मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## झगड़े के दौरान एक छात्र ने चाकू से हमला कर अपने दोस्त की ली जान

- भीड़भाड़ वाले स्टेशन पर भरी दोपहरी में घटी घटना, दहशत
- कोलकाता मेट्रो के इतिहास में पहली बार ऐसी घटना

**कोलकाता :** कोलकाता से सटे दक्षिणेश्वर मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर एक सनसनीखेज घटना घटी, जब छात्रों के दो गुटों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस झगड़े के दौरान एक छात्र ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। मृतक छात्र की पहचान 17 वर्षीय मनोजीत यादव के रूप में हुई है, जो बागबाजार क्षेत्र के एक स्कूल का छात्र था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मेट्रो स्टेशन के टिकट काउंटर के सामने दोनों समूहों में किसी बात को लेकर बहस शुरू हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई और फिर खूनी संघर्ष में बदल गई। इसी दौरान एक छात्र ने मनोजीत पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हालत में उसे तुरंत बरानगर राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे स्टेशन परिसर में अफरातफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, यह वारदात दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। पुलिस ने मामले की गंभीरता देखते हुए तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार शाम पुलिस ने बताया कि आरोपी राणा सिंह को हावड़ा स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया, जब वह अपने कुछ परिजनों के साथ राज्य से बाहर भागने की कोशिश कर रहा था। बैरकपुर के डीसीपी अनुपम सिंह ने कहा, राणा सिंह जुलाई में 18 वर्ष का हुआ है। चूंकि वह बालिग है, इसलिए उसे पुलिस हिरासत में रखा जाएगा और शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा।



इस बीच, मेट्रो रेलवे के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि यह घटना दक्षिणेश्वर मंदिर की ओर प्रवेश द्वार के 'गैर-टिकट क्षेत्र' में हुई, न कि प्लेटफॉर्म या फ्लैप गेट के भीतर हुई। यह पूछे जाने पर कि क्या यह स्थान मेट्रो परिसर में आता है, तो उन्होंने इसका 'हां' में जवाब दिया, लेकिन कहा कि फ्लैप गेट से पहले और टिकट काउंटर के पीछे मानवीय रूप से हर व्यक्ति की गतिविधि पर नजर रखना संभव नहीं होता। उन्होंने बताया, 'घटना के बाद हमने स्थानीय थाने को तुरंत सूचना दी थी और हम प्रशासन के साथ समन्वय कर रहे हैं।' प्रवक्ता ने कहा कि 'फ्लैप गेट' पर 'मेटल डिटेक्टर' के साथ सख्त सुरक्षा जांच होती है और कोई भी हथियार लेकर उस परिक्षेत्र से अंदर नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, 'हालांकि, हम मौजूदा सुरक्षा प्रणाली का आकलन और मूल्यांकन कर रहे हैं।'

### नेपाल के पशुपतिनाथ दर्शन को गई महिला की उपद्रव में मौत

**महराजगंज :** नेपाल में उपद्रव के दौरान काठमांडू के एक होटल की चौथी मंज़िल से कूदने के बाद गंभीर रूप से घायल गाजियाबाद की महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को उनका शव पति लेकर महराजगंज जिले की सोनौली सीमा पर पहुँचा। गाजियाबाद निवासी ट्रांसपोर्टर रामवीर सिंह गोला (58) और उनकी पत्नी राजेश देवी गोला (55) सात सितंबर को काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए गए थे। वे 'हयात रीजेंसी' होटल में ठहरे थे। नौ सितंबर को शहर में अशांति बढ़ने पर प्रदर्शनकारियों ने होटल में आग लगा दी। धुआं और अफरा-तफरी के बीच जान बचाने के लिए दोनों ने चौथी मंज़िल से छलांग लगा दी। जमीन पर बचाव दल ने गद्दे बिछाए थे जिससे दोनों की जान तो बच गई लेकिन राजेश देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

# सी पी राधाकृष्णन ने भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली

**नयी दिल्ली :** चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। बाद में उन्होंने राज्यसभा के सभापति के रूप में पदभार ग्रहण किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। लाल कुर्ता और सफेद रंग की धोती पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने शपथ लेने के बाद राधाकृष्णन को बधाई दी। राधाकृष्णन ने मंगलवार को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की थी। जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया था। धनखड़ भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। वह अगली पंक्ति में अपने पूर्ववर्ती वेंकैया नायडू के बगल में बैठे थे और उनसे बातचीत करते देखे गए। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी भी नायडू के बगल में बैठे थे। धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ भी इस अवसर पर मौजूद थीं। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा पहली पंक्ति में बैठे थे। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी उपस्थित थे। भारत के प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई भी समारोह में उपस्थित थे और बिरला के बगल में बैठे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।



# लोगों को डर है कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा, इसीलिए लगाया जा रहा 'टैरिफ' : भागवत

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत पर 'टैरिफ' इस डर से लगाया गया है कि अगर यह देश मजबूत हो गया तो उनके साथ क्या हो सकता है। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा, ''ऐसे कदम आत्मकेंद्रित दृष्टिकोण का परिणाम हैं।'' वह नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा, ''दुनिया के लोग इस बात से भयभीत हैं कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनके साथ क्या होगा और उनकी स्थिति क्या होगी। इसीलिए भारतीय वस्तुओं पर 'टैरिफ' लगाए गए हैं। लेकिन हमने कुछ नहीं किया। जब आप सात समुद्र दूर हैं और कोई संपर्क नहीं है, तो डर क्यों?'' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत 'टैरिफ' लगाया है, जिसमें रूस से तेल खरीद पर 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क भी शामिल है। भारत ने इसे ''अनुचित और अविवेकपूर्ण'' करार दिया है। भागवत ने कहा, ''जब तक मनुष्य और राष्ट्र अपने वास्तविक स्वरूप को नहीं समझेंगे, तब तक वे समस्याओं का सामना करते रहेंगे। अगर हम करुणा दिखाएं और भय पर विजय पाएं, तो हमारा कोई शत्रु नहीं रहेगा।' आरएसएस प्रमुख ने कहा कि अगर मनुष्य अपना रवैया ''मैं'' से ''हम'' में बदल लें तो सभी मुद्दे सुलझ जाएंगे। उन्होंने कहा, ''आज दुनिया समाधान खोज रही है, क्योंकि अपनी अधूरी दृष्टि के कारण वह आगे बढ़ने का रास्ता नहीं खोज पा रही है। ''सिर्फ़ मैं'' के दृष्टिकोण के कारण उनके लिए रास्ता खोजना असंभव है।'' भागवत ने कहा कि भारत विश्व की समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने और आगे का रास्ता दिखाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारत महान है और भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत बड़ा है तथा वह और बड़ा होना चाहता है। भागवत ने कहा कि भारतीयों में अपनेपन की प्रबल भावना होती है और वे अभाव के समय में भी खुश और संतुष्ट रहते हैं। उन्होंने कहा, ''कोई कमी नहीं होनी चाहिए, लेकिन अगर है भी, तो समय आने पर बदल जाएगी। फिर भी, कठिनाई और दुःख में भी, यहां के लोग इसी अपनत्व की भावना के कारण संतुष्ट रहते हैं।'' महिलाओं द्वारा संचालित आध्यात्मिक आंदोलन ब्रह्माकुमारीज की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस भी आंतरिक चेतना को जागृत करने के लिए उन्हीं की तरह काम करता है।



# पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की ने नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली

**काठमांडू :** पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की ने शुक्रवार को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वह अंतरिम सरकार का नेतृत्व करेंगी। इसके साथ ही नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता समाप्त हो सकती है क्योंकि कथित भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंधों के खिलाफ युवाओं के हिंसक प्रदर्शन के चलते मंगलवार को के पी शर्मा ओली को अचानक प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति कार्यालय में 73 वर्षीय कार्की को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राष्ट्रपति पौडेल और नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री के अलावा, उपराष्ट्रपति राम सहाय यादव और प्रधान न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह रावत भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि नई कार्यवाहक सरकार को छह महीने के भीतर नए संसदीय चुनाव कराने का दायित्व सौंपा गया है। इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और 'जेन जेड' के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद कार्की को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना गया। रविवार से बड़े पैमाने पर जारी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कार्की के समक्ष नेपाल में कानून-व्यवस्था बहाल करने की चुनौती है। सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद कार्की एक छोटा मंत्रिमंडल गठित करेंगी और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में विभिन्न हितधारकों के बीच बनी सहमति के अनुसार राष्ट्रपति को संसद भंग करने की सिफारिश कर सकती हैं। राष्ट्रपति पौडेल ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त करने का फैसला करने से पहले प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं, कानूनी विशेषज्ञों और नागरिक संस्थाओं के सम्मानित व्यक्तियों से भी अलग-अलग विचार-विमर्श किया।



### सुशीला कार्की ने बीएचयू से की है पढ़ाई

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से राजनीति शास्त्र में मास्टर्स किया है। उन्होंने 1979 में वकालत में अपना करियर शुरू किया था। सुशीला कार्की 11 जुलाई 2016 से 6 जून 2017 तक नेपाल की मुख्य न्यायाधीश थीं। 2017 में उनके खिलाफ महाभियोग लाया गया था। सुशीला कार्की पर पूर्वाग्रह और कार्यपालिका में हस्तक्षेप का आरोप लगा था।

### केपी ओली की पार्टी ने संसद भंग करने का विरोध किया

नेपाल में संसद भंग करने के फैसले का राजनीतिक दलों ने विरोध शुरू कर दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के महासचिव शंकर पोखरेल ने इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। पोखरेल ने देशवासियों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों से इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरने की अपील की है।

### कितने दिनों बाद होंगे चुनाव?

सुशीला कार्की को सरकार का प्रमुख बनने से पहले फैसला लिया गया कि 4 मार्च को देश में आम चुनाव होंगे, इसका प्रस्ताव दिया गया है। अब जो पहले कैबिनेट बैठक होगी, उसमें चुनाव घोषणा पर चर्चा की जाएगी। इसका मतलब साफ है कि आने वाले 6 दिनों में प्रधानमंत्री के लिए आम चुनाव की घोषणा की जाएगी।

## 'अवैध प्रवासियों' को बांग्लादेश भेजने के विषय पर केंद्र और पश्चिम बंगाल हलफनामा दाखिल करें : न्यायालय

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार को गृह मंत्रालय के पत्र के आधार पर बांग्लादेश के कथित अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के संबंध में उनके द्वारा उठाये गये कदमों के विवरण के साथ हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा कि जिस स्थान से इन कथित अवैध प्रवासियों (बंदियों) को वापस भेजा गया था, उसका खुलासा नहीं किया गया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने प्रशासन को निर्देश दिया कि वे उन स्थानों के बारे में बताएं, जहां से बंदियों को वापस भेजा गया । उच्च न्यायालय में एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम के कुछ बाशिंदों को बांग्लादेश का नागरिक होने के आधार पर वहां भेज दिया गया। ये लोग दिल्ली में काम करने वाले एक दिहाड़ी मजदूर के परिवार के सदस्य हैं। इस बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार को 19 सितंबर तक याचिकाकर्ता के दावों के विरोध में अलग-अलग हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता को 22 सितंबर तक इस तरह के विरोध के जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

## बीरभूम में पत्थर खदान में भू-धंसान से 6 श्रमिकों की मौत

### श्रमिकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया

**कोलकाता :** बंगाल के बीरभूम जिले के नलहाटी के बहादुरपुर में शुक्रवार दोपहर पत्थर खदान में भू-धंसान से 6 श्रमिकों की मौत हो गई। तीन श्रमिकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खदान में पत्थर हटाने के दौरान यह घटना घटी। घटना के समय 12 श्रमिक खदान में काम कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार श्रमिक दोपहर में खदान से पत्थर हटाने का काम कर रहे थे। अचानक भू-धंसान से खदान का एक हिस्सा ढह गया। श्रमिकों में अफरा-तफरी मच गई। उस समय खदान में 10-12 मजदूर काम कर रहे थे। नौ श्रमिक मलबे में दब गए। खबर मिलने के बाद क्षेत्र के अन्य पत्थर खदान मजदूर घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य तुरंत शुरू हुआ। सभी श्रमिकों को इलाज के लिए रामपुरहाट मेडिकल कालेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने 6 को मृत घोषित कर दिया। तीन और मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। उनका इलाज चल रहा है। खबर मिलने के बाद नलहाटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि पत्थर की खदान कैसे ढह गई। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि खदान से पत्थर नियमों के अनुसार निकाले जा रहे थे या नहीं। बताया जा रहा है कि मानसून के दौरान भारी बारिश के कारण कई पत्थर खदानों में पानी जमा हो गया था। इलाके की मिट्टी भी नरम हो गई थी। भू-धंसान का यह भी एक कारण हो सकता है।

### मानसून की वापसी 15 सितंबर के आसपास शुरू हो सकती है: आईएमडी

**नयी दिल्ली :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 15 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापसी शुरू कर सकता है। मानसून आमतौर पर एक जून तक केरल में दस्तक देता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में फैल जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से लौट जाता है। आईएमडी ने एक बयान में कहा, ''15 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती जा रही हैं।''

# उड़ान भरने के बाद टूटा स्पाइसजेट के विमान का पहिया

## मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

**मुंबई :** कांडला हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद शुक्रवार को स्पइसजेट के एक विमान (क्यू 400) का पहिया टूटकर नीचे गिर गया और विमान को मुंबई हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा जिसमें कुल 75 लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुंबई हवाई अड्डे के संचालक एमआईएएल ने कहा कि विमान दोपहर 3.51 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं। हवाई अड्डे पर परिचालन कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, ''12 सितंबर को कांडला से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के क्यू400 विमान का एक बाहरी पहिया उड़ान भरने के बाद रनवे पर पाया गया। विमान ने मुंबई की अपनी यात्रा जारी रखी और सुरक्षित रूप से वहां उतर गया।'' अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि क्षेत्रीय उड़ानों के लिए इस्तेमाल होने वाले बॉम्बार्डियर क्यू400 विमान में 75 यात्री सवार थे। एक अधिकारी ने बताया कि विमान का एक पिछला पहिया गायब था। एक अधिकारी ने बताया कि कांडला हवाई अड्डे पर एक हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) ने स्पइसजेट के पायलट को सूचित किया कि उड़ान भरने के बाद विमान का एक पहिया गिर गया था। इसके बाद विमान (उड़ान संख्या एसजी 2906) के लिए पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने कहा, ''सौभाग्य से विमान का 'लैंडिंग गियर' (पाहिया) वापस खिंच रहा था, जिसकी वजह से वह सुरक्षित रूप से उतर सका।''





# प्रतिरोध की जानलेवा मौन महामारी

यह सर्वविदित है कि भारत में डॉक्टरी सलाह तथा बिना परामर्श के एंटीबायोटिक दवाएं लेना आम बात है। यह जानते हुए भी कि लगातार इन दवाओं के सेवन से उनकी रोगप्रतिरोधक क्षमता गहरे तक प्रभावित होती है। एक समय ऐसा आ जाता है कि रोगों पर ये एंटीबायोटिक दवाएं काम करना बंद कर देती हैं। इस चिंता को हाल में हुए एक अध्ययन ने बढ़ाया है। नये अध्ययन ने एक परेशान करने वाली सच्चाई को उजागर किया है, जो बताता है कि भारत में एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग के पीछे मरीजों की सोच एक प्रमुख कारक है। अधिकांश लोगों की धारणा है कि इन दवाओं के सेवन से वे स्वत: ही ठीक हो जाएंगे। उन्हें डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर निजी क्षेत्र के कुछ डॉक्टर भी अक्सर अपने मरीजों को बनाए रखने के लिये ऐसा करते हैं। वास्तव में इस प्रवृत्ति के परिणाम खासे चौंकाने वाले हैं। अध्ययन के मुताबिक भारत में अकेले निजी क्षेत्र में ही सालाना आधे अरब से ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं लिखी जाती हैं। जिनमें बड़ी संख्या में ऐसी दवाइयां होती हैं, जिनकी वास्तव में जरूरत ही नहीं होती। आमतौर पर बच्चों में होने वाले दस्त के मामले में यह दुरुपयोग सबसे ज्यादा है। हालांकि, ज्यादातर मामले वायरल का प्रभाव होते हैं। ऐसी स्थिति में ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट और जिंक सकारात्मक परिणाम देते हैं। अध्ययन से पता चला है कि इसके बावजूद 70 फीसदी मामलों में अभी भी एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज किया जाता है। लेकिन हकीकत यह है कि अतार्किक मांग, कड़े कानूनों का अभाव और डॉक्टरों द्वारा जरूरत से ज्यादा दवाइयां लिखने के कारण एंटीबायोटिक दवाइयों पर मरीजों की निर्भरता बढ़ती चली गई है। कालांतर एंटीबायोटिक दवाइयों पर लगातार बढ़ती निर्भरता के चलते एक घातक चक्र का निर्माण होता है। जो मरीज के शरीर में तमाम तरह के साइड इफेक्ट भी पैदा करता है।

वास्तव में इससे बड़ा संकट यह है कि एक समय के बाद ये दवाइयां रोग के खिलाफ काम करना बंद कर देती हैं। कई तरह के रोग बढ़ाने वाले रोगाणु इनके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते हैं। बहुत संभव है कि किसी महामारी के वक्त व्यक्ति का शरीर एंटीबायोटिक के इस्तेमाल के बावजूद सुरक्षा कवच न दे। निश्चित रूप से इस संकट से बचने का सरल उपचार यही है कि इसका उपयोग कम से कम किया जाए। सरकारों को भी कानून के जरिये इसका नियमन करना चाहिए। हमें इससे जुड़े आसन्न संकट को महसूस करना चाहिए। यह खतरा मरीज की व्यक्तिगत सुरक्षा से कहीं आगे तक विस्तारित है। गंभीर चिंता का विषय यह है कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध यानी एएमआर दुनिया में सबसे घातक संकटों में से एक के रूप में उभर रहा है। डराने वाला आंकड़ा यह है कि वैश्विक स्तर पर, यह पहले से ही हर साल लगभग 50 लाख मौतों का कारण बनता है। अकेले भारत में, वर्ष 2021 में 2.5 लाख से ज्यादा मौतें सीधे तौर पर एएमआर से जुड़ी थीं और लगभग 10 लाख से ज्यादा मौतें दवा-प्रतिरोधी संक्रमणों से जुड़ी थी। खासतौर पर चिंताजनक तथ्य यह है कि वर्ष 2019 में, गंभीर दवा-प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण वाले केवल 7.8 भारतीयों को ही प्रभावी एंटीबायोटिक्स मिले। जो इस उपचार की एक बड़ी कमी को उजागर करता है। जिसके चलते प्रतिरोधी रोगाणु आसानी से फैलते हैं और एक बार ठीक हो सकने वाले संक्रमणों को घातक बना देते हैं। जिसके चलते सर्जरी, कैंसर के इलाज और नियमित देखभाल को कहीं ज्यादा जोखिमभरा बना देते हैं। निश्चित रूप से इस दिशा में जनजागरण अभियान की जरूरत है कि हर छोटे-मोटे रोग के लिये एंटीबायोटिक दवाइयां लेने की जरूरत नहीं है। जन अभियानों के जरिये एंटीबायोटिक्स से जुड़ी भ्रांतियों को सरकार व सामाजिक स्तर पर दूर करने की जरूरत होगी। इनके अंधाधुंध उपयोग रोकने के लिये कानून से नियमन जरूरी है। साथ ही तर्कसंगत उपचार के लिये किफायती नैदानिक विकल्प व्यापक रूप से उपलब्ध कराने होंगे। साथ ही सरकार सुनिश्चित करे कि जिनको वास्तव में एंटीबायोटिक्स दवाओं की जरूरत है, उन्हें ये समय पर सहज रूप से मिल सकें। अन्यथा प्रतिरोध की यह मौन महामारी अनगिनत लोगों की जान ले लेगी।

# राधाकृष्णन के सामने अवसर और चुनौतियां



**राजेश माहेश्वरी**

चंद्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राजनीतिक गलियारों में सीपीआर के नाम से ख्यात राधाकृष्णन को सत्तारूढ़ राजग ने जब प्रत्याशी बनाया, तभी से उनकी जीत तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी खेमे ने बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव में उतार कर इस मुकाबले को रोमांचक बनाने का प्रयास किया।

विपक्षी मोर्चे ने तमिल बनान तेलुगु अस्मिता का मुद्दा उछालकर राजग की प्रमुख सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी के सामने धर्मसंकट खड़ा करने के साथ ही अक्सर विधायी मामलों पर सरकार का समर्थन करने वाली वाइएसआर कांग्रेस और एक अन्य दल बीआरएस के समक्ष राजनीतिक दुविधा बढ़ाने का दांव चल था। हालांकि नतीजे यह बताते हैं कि विपक्ष की यह आकांक्षा पूरी नहीं हो पाई।

भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन ने शपथ ले चुके हैं। नए उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। राज्यसभा के सभापति के रूप में उन्हें संतुलन साधने का प्रयास करना होगा। उनके पूर्ववर्ती धनखड़ आरंभिक स्तर पर उच्च सदन में विपक्ष को बहुत स्पेस नहीं देते थे, पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के बाद उन्हें रवैया कुछ बदलना पड़ा। सरकार और उनके बीच अविश्वास की खाई बढ़ने में उनका बदला हुआ रवैया भी एक पहलू बन गया था। चूंकि सदन के सभापति से दलगत या वैचारिक आग्रह से ऊपर उठकर कार्यवाही के संचालन की अपेक्षा की जाती है, इसलिए राधाकृष्णन को इस मोर्चे पर कोई मध्य मार्ग तलाशना ही होगा।

उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति होते हैं। भले ही इस पद पर कोई प्रत्यक्ष काम न दिखे, लेकिन इसकी अपनी संवैधानिक भूमिका होती है। प्रोटोकॉल में उपराष्ट्रपति दूसरे नंबर पर आते हैं। देश-विदेश में उनका नाम होता है और इस लिहाज से यह पद अहम है। प्रोटोकॉल के हिसाब से राष्ट्रपति के बाद उपराष्ट्रपति का स्थान होता है। यानी किसी भी वजह से राष्ट्रपति की ग़ैर मौजूदगी में उप राष्ट्रपति ही उनकी भूमिका निभाते हैं।

बात चुनौतियों की कि जाए तो उपराष्ट्रपति को सत्ता और विपक्ष के बीच तटस्थ रहना होता है। विपक्ष अक्सर इस पद पर आसीन लोगों के खिलाफ पक्षपात का आरोप लगाता रहता है। राधाकृष्णन को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए हर कदम पर सावधानी बरतनी होगी।

राज्यसभा में सांसदों के बीच तीखी नोक-झोंक और अव्यवस्था उपराष्ट्रपति की भूमिका को मुश्किल बना देती है। कई मौकों पर ऐसा हुआ है जब विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसे कदमों से विवाद हुआ है। राधाकृष्णन को ऐसी स्थिति में धैर्य और कड़ाई का संतुलन बनाना होगा।

उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है। इस पद पर आसीन व्यक्ति को अपने कर्मों के द्वारा इस गरिमा की रक्षा के लिए बहुत ध्यान देना होता है। राधाकृष्णन को इस गरिमा को बनाए रखना होगा।

राधाकृष्णन के सामने सबसे बड़ी कसौटी होगी सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन बनाना। उनकी आरएसएस और बीजेपी में काम करने की मजबूत पृष्ठभूमि है, और अच्छा सियासी अनुभव है। लेकिन यही पृष्ठभूमि विपक्ष के लिए संदेह का कारण भी बन सकती है। उन्हें सत्तापक्ष और विपक्ष में संतुलन बनाना होगा।

राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उन्हें उच्च सदन में अकसर होने वाले हंगामेदार वाद-विवादों का भी शालीनता



पूर्वक निपटारा करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा।

यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। ऐसे समय में जब संसदीय कार्यप्रणाली सार्वजनिक विमर्श के दायरे में है, अगर राधाकृष्णन दलगत दबावों से ऊपर उठ सकते हैं, विधायी बहस को मजबूत कर सकते हैं और राज्यसभा की गरिमा का संवर्धन करते हैं, तो उनकी विरासत दलीय निष्ठा से कहीं आगे प्रतिष्ठा हासिल करेगी।

सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिये चुना जाना विपक्ष के लिये एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। निर्विवाद रूप से उपराष्ट्रपति का पद केवल औपचारिक व्यक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

उपराष्ट्रपति चुनाव परिणाम का एक संदेश यह भी है कि विपक्षी एकता की बातें तो खूब की जाती हैं, लेकिन वास्तविकता के धरातल पर एकजुटता नहीं दिखती। उपराष्ट्रपति चुनाव में क्रॉस वोटिंग से भी इनकार नहीं किया जा सकता। कई विधेयकों के मामले में भी विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं दिखती। कुछ सरकार को प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन भी देते रहे हैं।

यहां तक कि सरकार को घेरने के मामले में भी विपक्षी दल एकमत नहीं दिखते। फिर चाहे कांग्रेस द्वारा वोट चोरी का जोर-शोर से उठाया जा रहा मुद्दा हो या बिहार में मतदाता पुनरीक्षण से जुड़ी प्रक्रिया। लोकसभा चुनाव के दौरान या उसके बाद जो एक सहमति बनती दिख रही थी, वह अब तार-तार हो रही है।

आम आदमी पार्टी जैसे दल आइएनडीआइए से औपचारिक किनारा तक कर चुके हैं और पंजाब से लेकर गुजरात तक आरपार की लड़ाई लड़ रहे हैं। जहां विपक्षी एकता में विभाजन की स्थिति दिख रही है, वहीं लोकसभा चुनाव में उजागर हुई कमजोरियों से सीख लेते हुए एनडीए उन्हें दुरुस्त करने में जुटा है। अब यह स्पष्ट दिख रहा है कि उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ की विदाई कम से कम स्वास्थ्य कारणों के चलते तो नहीं हुई थी।

यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभाला है जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के समय में सरकार और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद के साथ मनभेद भी बढ़ा है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। पूर्व उपराष्ट्रपति कई दफा उस सीमा तक जाकर सदन का संचालन करने लगते थे, जहां तक जाने अक्सर बचा जाता है। सदन में तीखी नोक झोंक से लेकर कई ऐसे अप्रिय और अंससदीय कार्य घटित हुए, जिसने संविधान और लोकतंत्र को शर्मिंदा किया। यही असहमति सर्वसम्मत चुनाव पर एक राय नहीं बना पायी है। अपने पूर्ववर्ती की कार्यप्रणाली के मद्देनजर नये उपराष्ट्रपति को अपनी कार्यशैली में व्यापक सुधार करना होगा। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

इन तमाम चुनौतियों के बीच सी.पी. राधाकृष्णन के सामने उपराष्ट्रपति के तौर पर संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाने का सुनहरा अवसर भी है। उनकी भूमिका न केवल संसद की कार्यवाही को सुचारू बनाने की है, बल्कि देश की संवैधानिक और कूटनीतिक गरिमा को बढ़ाने की भी है। अगर वह निष्पक्षता, धैर्य और संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन साधने में कामयाब होंगे, और इस पद के लिए एक नजीर बनेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि राधाकृष्णन उच्च सदन की गरिमा और गौरव को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

## समीक्षा विदेश

# अमेरिका में पत्नी और बेटे के सामने भारतीय मूल के व्यक्ति का सिर कलम किया

**ह्यूस्टन :** अमेरिका के टेक्सास राज्य में वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के बाद 50 वर्षीय भारतीय मूल के होटल प्रबंधक का उसकी पत्नी और बेटे के सामने सिर कलम कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आपराधिक इतिहास वाले संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है जो मृत होटल प्रबंधक का सहकर्मी है। यह घटना बुधवार सुबह डलास के 'डाउनटाउन सुइट्स' होटल में हुई। डलास पुलिस विभाग के अनुसार, मूल रूप से कर्नाटक निवासी चंद्र मौली 'बॉब' नागमल्लैया की, उसके सहकर्मी योर्डानिस कोबोस-मार्टिनेज (37) के साथ खराब वॉशिंग मशीन को लेकर हुए विवाद के बाद हत्या कर दी गई। कोबोस कथित तौर पर उस समय आपा खो बैठा, जब नागमल्लैया ने उससे सीधे बात करने के बजाय



किसी अन्य व्यक्ति से उनके निर्देशों का अनुवाद करने को कहा। सीसीटीवी फुटेज में कोबोस को एक चाकू निकालते और नागमल्लैया पर हमला करते हुए देखा गया है। पुलिस ने अदालत में एक हलफनामे में कहा कि इसके बाद पीड़ित होटल कार्यालय की ओर भागा, जहां उसकी पत्नी और 18 वर्षीय बेटा मौजूद थे। नागमल्लैया की पत्नी और बेटे ने कई बार बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन कोबोस ने उन्हें धक्का दे दिया और हमला करता रहा। इसमें कहा गया है कि आरोपी ने नागमल्लैया पर फिर से हमला करने से पहले उसकी जेब से मोबाइल फोन आदि निकाल लिए और तब तक उस पर वार करता रहा जब कि उसका सिर 'धड़ से अलग नहीं हो गया।' पुलिस ने बताया, 'इसके बाद संदिग्ध ने नागमल्लैया के सिर को पार्किंग क्षेत्र में दो बार लात मारी और फिर उसे उठाकर कूडेद्रान में डाल दिया।' उन्होंने कहा कि यह अपराध 'सोच से परे' है। अगर कोबोस दोषी पाया जाता है तो उसे बिना पैरोल के उम्रकैद या मौत की सजा सुनायी जा सकती है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, उसे फ्लोरिडा में कार चोरी के आरोप में दो बार गिरफ्तार किया जा चुका है और ह्यूस्टन में एक बच्चे के साथ अभद्रता और मारपीट के आरोप में भी गिरफ्तार किया जा चुका है। रिकॉर्ड में उस पर आव्रजन रोक का भी उल्लेख है। अधिकारियों ने बताया कि क्यूबा निर्वासित करने के लिए उड़ानों की कमी के कारण कोबोस को इस वर्ष की शुरुआत में निगरानी में रहने की शर्त के साथ रिहा कर दिया गया था। ह्यूस्टन स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने नागमल्लैया की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह इस मामले पर कड़ी नज़र रख रहा है।

# रूसी तेल की खरीद पर टैरिफ भारत के साथ दरार पैदा करता है: ट्रंप



**न्यूयॉर्क :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर टैरिफ (शुल्क) लगाना आसान काम नहीं है और यह 'भारत के साथ दरार पैदा करता है।' ट्रंप ने शुक्रवार को 'फॉक्स एंड फ्रेंड्स' को दिये साक्षात्कार में कहा, 'देखिए, भारत उनका (रूसी तेल का) सबसे बड़ा ग्राहक है। मैंने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया क्योंकि वे रूस से तेल खरीद रहे हैं। यह कोई आसान काम नहीं है। यह एक बड़ी बात है और इससे भारत के साथ दरार पैदा होती है।' अमेरिकी राष्ट्रपति से पूछा गया था कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर शिकंजा कसने का क्या मतलब है, जिसके जवाब में ट्रंप ने यह कहा। उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं यह पहले ही कर चुका हूं। मैंने बहुत कुछ किया है।' ट्रंप ने कहा, 'और याद रखें कि यह हमारी समस्या से कहीं अधिक यूरोप की समस्या है।' साक्षात्कार में, ट्रंप ने अपने इस दावे को भी दोहराया कि उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में अब तक सात संघर्षों को सुलझाया है। ट्रंप ने कहा, 'मैंने सात संघर्ष सुलझाए हैं। मैंने कई संघर्ष सुलझाए, जिनमें पाकिस्तान और भारत भी शामिल हैं, साथ ही बड़े संघर्ष, जिनमें से कुछ अनसुलझे थे, जैसे कांगो और रवांडा। मैंने उन्हें सुलझाया। यह 31 सालों से चल रहा था, लाखों लोग मारे गए। मैंने ऐसे संघर्ष सुलझाए जो अनसुलझे थे।' रूस से कच्चे तेल की खरीद का बचाव करते हुए, भारत यह कहता रहा है कि उसकी ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की गतिशीलता से प्रेरित है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 13 सितम्बर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन कृष्णपक्ष षष्ठी, 07:24 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 10:11 तक, योग : हरषाना, 10:29 तक, सूर्योदय: 5:22, सूर्यास्त: 17:44, चन्द्रोदय : 21:51, चन्द्रास्त: 10:59, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 08:29 से 10:00

## राशिफल

**मेष :** व्यापार के मामले में की गई यात्राओं से आपको सामान्य लाभ प्राप्त होगा। ऐसे में आप इन्हें अभी के लिए टाल भी सकते हैं। व्यवसाय के क्षेत्र में योजनाएं पूरी होने से लाभ मिलेगा।

**वृष :** कार्यक्षेत्र में किसी अधिकारी से अनबन हो सकती है। वहीं, व्यवसाय के क्षेत्र में भी किसी व्यापारी से बहस होने की संभावना है। लेकिन आप समझदारी और चतुराई से स्थिति को संभाल लेंगे।

**मिथुन :** व्यवसाय के क्षेत्र में किसी काम या बात को लेकर आपका मन दुखी रह सकता है। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी कुछ रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क :** व्यापार के मामले में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। सहयोगियों के साथ से उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे और जीवनसाथी का भी पूरा सहयोग मिलेगा। दिन शांतिपूर्ण रहेगा।

**सिंह :** आपका दिन मिलाजुला रहने वाला है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर पदोन्नति के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन इसके लिए आपको प्रयास करते रहना होगा।

**कन्या :** आपको उत्तम संपत्ति प्राप्त हो सकती है और धन लाभ के भी शुभ योग बन रहे हैं। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला :** आपको सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि हो सकती है, जिससे आप खुश रहेंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए प्रयासों से लाभ मिलेगा और समाज में सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** नौकरी करने वालों के अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। जिससे विरोधियों को थोड़ी परेशानी होगी। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करने से लाभ हो सकता है।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में आपके लिए कुछ विपरीत परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। लेकिन अपने धैर्य और मधुर वाणी से आप वातावरण को सामान्य बना सकते हैं।

**मकर :** व्यापार के मामले में आपको किसी नई डील के चलते अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। लेकिन आपको इस समय कोई भी जोखिम भरा निर्णय लेने या कार्य करने से बचना होगा।

**कुम्भ :** आर्थिक मामलों में दिन बेहतरीन रहने वाला है और आपको बड़ी मात्रा में धन लाभ हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार के मामले में भी बड़ी सफलता मिल सकती है।

**मीन :** युवा वर्ग के लिए दिन बेहद अच्छा रहने वाला है। अगर आपने करियर की अभी शुरुआत की है, तो आपको कार्यस्थल पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

# नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शन में एक भारतीय समेत 51 लोगों की मौत: पुलिस

**काठमांडू :** नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध के खिलाफ हाल में हुए 'जेन जेड' प्रदर्शन में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। काठमांडू पोस्ट अखबार ने नेपाल पुलिस के सह-प्रवक्ता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश थापा के हवाले से कहा कि मृतकों में एक भारतीय नागरिक, तीन पुलिसकर्मी और अन्य नेपाली नागरिक शामिल हैं। खबर में कहा गया कि कम से कम 36 शव महाराजगंज स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय शिक्षण अस्पताल में हैं, जहां शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम शुरू हुआ।

पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को देश के विभिन्न हिस्सों से 17 शव बरामद किए गए। सोमवार को प्रदर्शन के दौरान काठमांडू में संसद भवन पर धावा बोले जाने के दौरान पुलिस की गोलीबारी में कम से कम 19 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकतर छात्र थे। प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। सैकड़ों प्रदर्शनकारी सोमवार के प्रदर्शन के दौरान हुई मौतों के विरोध में उनके इस्तीफे की मांग करते हुए उनके कार्यालय में घुस गए थे। नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध सोमवार रात हटा लिया गया। ओली के इस्तीफे के बाद भी हिंसा जारी रही और प्रदर्शनकारियों ने संसद, राष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास, सरकारी भवनों, राजनीतिक दलों के कार्यालयों तथा वरिष्ठ नेताओं के घरों में आग लगा दी। इस बीच, शुक्रवार दोपहर बागमती नदी के तट के पास पशुपतिनाथ मंदिर के आर्यघाट पर कई शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनों के दौरान लगभग 1,700 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से लगभग 1,000 लोग ठीक होकर घर लौट चुके हैं।

# नेपाल : विरोध-प्रदर्शन से होटल उद्योग को 25 अरब रुपये का नुकसान

**काठमांडू :** नेपाल में छात्रों के नेतृत्व में हाल ही में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देशभर में लगभग दो दर्जन होटल में तोड़फोड़, लूटपाट या आगजनी की घटनाएं दर्ज की गईं। इससे पर्यटन आधारित नेपाली अर्थव्यवस्था के राजस्व अर्जित करने वाले महत्वपूर्ण घटक होटल उद्योग को 25 अरब रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। शुक्रवार को प्रकाशित एक खबर में यह जानकारी दी गई है। समाचार पोर्टल 'माई रिपब्लिका' की खबर में होटल एसोसिएशन नेपाल (एचएएन) के हवाले से कहा गया है कि काठमांडू का हिल्टन होटल हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ, जहां आठ अरब रुपये से अधिक का नुकसान दर्ज किया गया है। इसमें कहा गया है कि काठमांडू घाटी, पोखरा, बुटवल, भैरहवा, झापा, विराटनगर, धनगढ़ी, महोत्तरी और डांग-तुलसीपुर में अन्य प्रमुख घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के होटल को भी हिंसा का खामियाजा भुगतना पड़ा है। खबर के मुताबिक, कई प्रभावित होटल मरम्मत और पुनर्निर्माण के बिना फिर से परिचालन शुरू नहीं कर पाएंगे, जिससे 2,000 से अधिक श्रमिकों की नौकरियां प्रभावित होंगी। खबर के अनुसार, एचएएन ने चिंता जताई कि नुकसान के कारण होटलों के लिए बैंकों और अन्य संस्थाओं के प्रति वित्तीय दायित्व निभाना मुश्किल हो जाएगा। उसने एक न्यायिक समिति से विरोध-प्रदर्शनों की जांच कराने, दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने और प्रभावित व्यवसायों के लिए मुआवजे की घोषणा किए जाने की मांग की। एचएएन ने सरकार से मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्य के लिए राहत पैकेज घोषित करने का भी आग्रह किया।

## वर्ग पहेली नं. 3206

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | 6 | 7 | | 8 | | ■ | | ■ |
| 9 | 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | 12 |
| ■ | | ■ | 13 | | | ■ | | ■ | |
| 14 | | 15 | | ■ | 16 | 17 | | 18 | |
| | ■ | | ■ | 19 | ■ | | ■ | | ■ |
| 20 | | | 21 | | ■ | 22 | | | 23 |
| | ■ | ■ | 24 | | 25 | | ■ | ■ | |
| 26 | | | | ■ | | ■ | 27 | | |

*बायें से दायें:-* 1) एक पक्षी, 4) भारतीय हिंदी फ़िल्मों की महान *(मरहूम)* अभिनेत्री, 6) बाज़ारू औरत, 9) रेल पटरी की तरह; समानांतर, 11) शारीरिक, 13) तर्क, 14) शक्तिशाली, 16) समर्थक, 20) बारहमासी, 22) बकबक, 24) रसीला, 26) रुकना, 27) विचित्र.

*ऊपर से नीचे:-* 1) हुज्जत, 2) धिक्कार, 3) उत्कर्ष काल; परिस्थिति, 4) शहद, 5) ईसाई धर्म की दीक्षा, 7) शिरोधरा; ग्रीवा, 8) वकील का पेशा, 10) गुदगुदा, 11) एक पशु, 12) कोहरा, 14) सालगिरह, 15) उचित, 17) सप्ताहान्त, 18) प्रविष्ट, 19) सामूहिक गायन, 21) थक जाना; पराजित होना, 23) अचम्भा, 25) पक्षी-आहार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | थ | म | ■ | ■ | अ | ■ | शा | ति | र |
| सा | ■ | स | ह | भो | ज | न | ■ | तं | ■ |
| ध | ■ | ल | ■ | ग | ग | रा | ■ | बा | ज |
| न | सी | ह | त | ■ | र | च | ना | ■ | ग |
| ■ | क | त | र | न | ■ | ■ | ग | वा | ह |
| दू | र | ■ | ल | ग | भा | ग | ■ | च | ■ |
| ध | ■ | प | ता | ■ | ड़ | ■ | प | ना | ह |
| पी | ह | र | ■ | ■ | क | ल | क | ल | ■ |
| ता | ■ | त | ड़ | प | ना | ■ | ना | य | ब |

## सुडोकू-पहेली-3163

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 3 | | | | 9 | |
| | 2 | | | | | | | 6 |
| | | | | 7 | | 4 | 1 | |
| | | | | 2 | 8 | | | 4 |
| | | 4 | | | | | 5 | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | 9 | | | | |
| 3 | | 6 | | | | 5 | | 2 |
| | | | | | 4 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3162 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 8 | 9 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 |
| 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 | 8 | 4 | 1 |
| 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 5 | 8 | 7 |

### डब्ल्यूबीएसएससी घोटाला: पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी समेत 28 पर आरोप तय

# केंद्रीय जांच एजेंसियां मेरे खिलाफ बदले की कार्रवाई कर रही : पार्थ

## कहा... मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा है और उसे बचाना अदालत की जिम्मेदारी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (डब्ल्यूबीएसएससी) घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 28 आरोपितों पर आरोप तय कर दिए। इनमें सबसे बड़ा नाम राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव पार्थ चटर्जी का है।

यह मामला गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में हुई अनियमितताओं से जुड़ा है। अदालत ने शुक्रवार को इस केस में आरोप तय किए। इससे एक दिन



पहले गुरुवार को भी सीबीआई की एक अन्य केस में चार्ज फ्रेमिंग की प्रक्रिया पूरी हुई थी, जो माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ियों से संबंधित थी।

पार्थ चटर्जी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विशेष सीबीआई अदालत की कार्यवाही में हिस्सा लिया। आरोप तय होने के बाद उन्होंने अदालत से बोलने की अनुमति मांगी और खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा, केंद्रीय जांच एजेंसियां मेरे खिलाफ बदले की कार्रवाई कर रही हैं। मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा है और उसे बचाना अदालत की जिम्मेदारी है। मैं साढ़े तीन साल से जेल में हूं। मैं डॉक्टर हूं। अगर ऐसी ही स्थिति बनी रही तो मेरा न्यायपालिका पर से विश्वास उठ जाएगा। कृपया मुझे मुक्त कीजिए। मैंने कभी किसी को नौकरी की सिफारिश नहीं की है।

हालांकि, अदालत ने उन्हें स्पष्ट किया कि गवाहों के बयान के दौरान उन्हें बोलने का अवसर मिलेगा। साथ ही यह भी याद दिलाया कि उन्होंने शिक्षा विभाग में अपनी सुविधा के लिए अधिकारियों का तबादला करवाया था।

28 आरोपितों में पार्थ चटर्जी सबसे लंबे समय से जेल में हैं। उन्हें जुलाई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनके आवास से गिरफ्तार किया था। ईडी इस घोटाले में समानांतर जांच कर रही है। बाद में सीबीआई ने भी उन्हें हिरासत में लिया।

हाल के दिनों में चटर्जी को सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज लगभग सभी मामलों में अलग-अलग अदालतों से जमानत मिल चुकी है। लेकिन, अभी भी वे जेल से बाहर नहीं आ पाए हैं, क्योंकि पश्चिम बंगाल प्राइमरी एजुकेशन बोर्ड द्वारा प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ियों से जुड़े अलग मामलों में उनकी गिरफ्तारी दर्ज है।

## दक्षिण और उत्तर बंगाल में फिर बदलेगा मौसम, कई जिलों में बारिश की आशंका

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। पिछले कुछ दिनों की भीषण उमस और तपिश के बाद शुक्रवार से राज्य के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने बताया कि कूचबिहार से ओडिशा तट तक एक निम्न दबाव की रेखा बनी है। इसके असर से उत्तर बंगाल के सभी जिलों में मंगलवार तक अलग-अलग समय पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अलिपुरदुआर और कूचबिहार जिलों में शुक्रवार से रविवार तक भारी बारिश का अनुमान है। कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में शुक्रवार को मध्यम बारिश हो सकती है। रविवार और सोमवार को बारिश की मात्रा और दायरा और बढ़ने की संभावना है। अगले मंगलवार को भी दक्षिण बंगाल में बारिश जारी रह सकती है। वहीं, अन्नपूर्णा और विश्वकर्मा पूजा के दिन दक्षिण बंगाल के आठ जिलों में कहीं भी हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की जा सकती है। तटीय इलाकों के दो जिलों में बारिश कुछ ज्यादा होने की संभावना है। बारिश के बावजूद लोगों को उमस से राहत नहीं मिलेगी। कोलकाता में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक था। वहीं शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से 2.2 डिग्री ज्यादा है। हवा में नमी की मात्रा अधिकतम 88 प्रतिशत और न्यूनतम 65 प्रतिशत दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, शुक्रवार को दिन का तापमान करीब दो डिग्री और रात का तापमान एक से 1.5 डिग्री तक गिर सकता है। हालांकि हल्की बारिश के बावजूद उमस भरी गर्मी से लोगों की परेशानी बनी रहने की आशंका है।

## कोलकाता राष्ट्रीय पुस्तकालय में होगी 'द बंगाल फाइल्स' की विशेष स्क्रीनिंग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में भाजपा समर्थक चिंतन मंच माने जाने वाले सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन 'खोला हवा' की ओर से विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की जा रही है। यह कार्यक्रम 13 सितम्बर को दोपहर चार बजे दक्षिण कोलकाता स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाषा भवन में होगा।

फिल्म का यह प्रदर्शन केवल आमंत्रण पत्रधारकों के लिए होगा। संगठन की ओर से बताया गया कि फिल्म को पूरे देश में पांच सितम्बर को रिलीज किया गया था, लेकिन पश्चिम बंगाल में इसे सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किया जा सका।

पूर्व राज्यसभा सांसद और 'खोला हवा' के अध्यक्ष स्वप्न दासगुप्ता ने




शुक्रवार को कहा, खोला हवा कोलकाता में 'द बंगाल फाइल्स' की पहली स्क्रीनिंग प्रस्तुत करेगा। इस पर हमें गर्व महसूस कर रहा है। इस मौके पर फिल्म के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और अभिनेत्री पल्लवी जोशी के भी उपस्थित रहने की संभावना है।

इस घोषणा के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा, फिल्म पूरे देश में रिलीज हो चुकी है लेकिन दर्शक देखने नहीं जा रहे हैं। निर्देशक खुद शिकायत कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने यह तक कह दिया था कि अरिंदम चटर्जी, रवींद्रनाथ टैगोर के भाई हैं। बाद में गलती सुधारते हुए कहा कि वह अरिंदम टैगोर हैं। बंगालियों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि उन्होंने भाजपा नेता अनुराग ठाकुर को रवींद्रनाथ का बेटा नहीं कह दिया।

वहीं, भाजपा नेता सजल घोष ने आशंका जताई कि फिल्म की स्क्रीनिंग शायद हो ही न पाए। उन्होंने कहा, घोषणा कर दी गई है, लेकिन यह तय नहीं है कि पुलिस इसकी अनुमति देगी या नहीं। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। इसी कारण फिल्म का प्रदर्शन पहले सिनेमाघरों में नहीं हो सका था। इस बार भी संदेह बना हुआ है।

## पूर्व सैनिकों के धरने में शुभेंदु अधिकारी की मौजूदगी पर हाई कोर्ट की चेतावनी

**कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पूर्व सैनिकों के धरना मंच पर नेताओं की मौजूदगी को लेकर नाराजगी जताई है। अदालत ने शुक्रवार को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को चेतावनी दी और साफ कर दिया कि भविष्य में अगर अदालत के आदेश का उल्लंघन हुआ तो बिना किसी पक्ष का भेद किए कड़ा कदम उठाया जाएगा।

दरअसल, पिछले दिनों धर्मतला में गांधी मूर्ति के पास तृणमूल कांग्रेस ने धरना दिया था। एक सितम्बर को सेना ने उस धरना मंच को हटा दिया। इस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और आरोप लगाया कि सेना भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। उनके इस बयान से आहत होकर पूर्व सैनिकों ने अदालत की अनुमति लेकर वहीं धरना देने का निर्णय किया।

हाईकोर्ट ने पूर्व सैनिकों को धरना की अनुमति दी थी, लेकिन कुछ शर्तों के साथ। अदालत ने कहा था कि धरने में केवल 200 से 250 लोग शामिल हो सकते हैं और किसी भी राजनीतिक दल का नेता या मंत्री मंच पर मौजूद नहीं रहेगा।

शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से अदालत में शिकायत दर्ज कराई गई कि धरना स्थल पर शुभेंदु अधिकारी और कई भाजपा नेता मौजूद थे। यह अदालत की शर्तों का उल्लंघन है।

इस पर अदालत में सफाई दी गई कि शुभेंदु अधिकारी धरना स्थल पर जरूर गए थे, लेकिन मंच पर नहीं चढ़े। जैसे ही उन्हें पता चला कि राजनीतिक नेताओं को मंच पर रहने की अनुमति नहीं है, वह तुरंत वहां से लौट गए।

फिर भी, न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष नाराज हुए और कहा, आपने कहा था कि धरने में केवल सेवानिवृत्त सैनिक होंगे। उनका किसी राजनीतिक दल से संबंध हो सकता है, लेकिन यह धरना सेना के मुद्दों पर है, न कि राजनीतिक मुद्दों पर। अगर आप अदालत के साथ चालबाजी करेंगे तो समस्या होगी।

उन्होंने आगे कहा, फिलहाल अदालत कोई कदम नहीं उठा रही है। लेकिन भविष्य में अगर ऐसा हुआ तो अदालत सख्त कार्रवाई करेगी। चाहे वे सत्ता पक्ष हों या विपक्ष।

## ट्रक की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट के स्वरूपनगर में शुक्रवार को हुई एक सड़क दुर्घटना में एक बारह वर्षीय नाबालिग की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम आशिक बिल्लाह ढाली है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, स्वरूपनगर थाना इलाके के संग्रामपुर तेतुलिया रोड के गोला मोड़ इलाके का रहने वाला आशिक अपने पिता के साथ बाजार गया था। लौटते समय वे सड़क किनारे चल रहे थे। तभी घोजाडांगा सीमा से स्वरूपनगर की ओर आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक ने आशिक को कुचल दिया।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग जुटे और गुस्से में सड़क पर ही शव रखकर अवरोध शुरू कर दिया। इस दौरान इलाके में तनाव फैल गया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले, गुरुवार को, स्वरूपनगर के दत्तपाड़ा में चौथी कक्षा की एक छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। लगातार दो दिनों में हुई मौतों से लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। स्वरूपनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से बात कर स्थिति को काबू में लिया। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। वहीं, घटना में शामिल ट्रक के चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बेकाबू और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

## आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में फिर विवाद: छात्र पर उत्पीड़न और धमकी का आरोप

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल एक बार फिर विवादों में घिर गया है। आरोप है कि कॉलेज के एक वरिष्ठ छात्र ने जूनियर छात्रों को न केवल परेशान किया बल्कि धमकी भी दी। यह घटना 8 सितंबर को अस्पताल के मुख्य बॉयज़ हॉस्टल कैंटीन में हुई।

2023 बैच के एक छात्र ने कॉलेज प्रिंसिपल को लिखित शिकायत में बताया कि कैंटीन में उन्हें और एक अन्य छात्र को लंबे समय तक खड़ा रखा गया और धमकियां दी गईं। स्थिति बिगड़ने पर केंद्रीय बलों के सुरक्षा कर्मियों ने आकर उन्हें बाहर निकाला। घटना सामने आते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और कॉलेज प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है।

हालांकि आरोपित एमबीबीएस




अंतिम वर्ष के छात्र ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उसका कहना है कि शिकायत करने वाले छात्र ही पुराने थ्रेट कल्चर से जुड़े हुए हैं। आरोपित ने दावा किया- उस दिन दो बाहरी छात्र कैंटीन में हंगामा कर रहे थे। हमने ही उन्हें रोकने की कोशिश की और सुरक्षा कर्मियों को बुलाकर हटाया। यह सब झूठे आरोप लगाकर पुराना माहौल वापस लाने की कोशिश है।

फिलहाल मामले की आंतरिक जांच जारी है और कॉलेज प्रशासन ने छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

## एंटाली थाने के इलाके से हथियार और कारतूस के साथ दो अपराधियों की गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के एंटाली थाना क्षेत्र से गुरुवार देर रात दो अपराधियों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ हथियार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या ये दोनों आनंदपुर के गुलशन कॉलोनी हमले में शामिल थे।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार की देर रात लगभग तीन बजे एंटाली थाना क्षेत्र के कैनाल रोड और कॉन्वेंट रोड के जंक्शन पर दो व्यक्तियों को संदिग्ध रूप से चलते देखा गया। गश्ती पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोककर पूछताछ की। तलाशी लेने पर उनके पास से एक एकनली देसी पिस्तौल और दो कारतूस



बरामद हुए, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अहमद हुसैन उर्फ मोहम्मद मधु और राजा खान के रूप में हुई है। राजा तपसिया रोड क्षेत्र के निवासी हैं, जबकि अहमद हुसैन आनंदपुर की गुलशन कॉलोनी के निवासी हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या ये दोनों कल की हुई हिंसा से जुड़े हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुलशन कॉलोनी की एक फैक्ट्री को लेकर दो समूहों के बीच पुराना विवाद चल रहा था। गुरुवार को एक समूह फैक्ट्री के मालिक को धमकी देने गया, जिसका विरोध दूसरे समूह ने किया। इसके बाद दोनों समूहों में झड़प हुई और गोली चलने की शिकायतें मिलीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कम से कम तीन राउंड गोलियां चलीं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया। इस घटना की जांच भी अभी जारी है।

# म्यांमार सेना के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वी कमान मुख्यालय का किया दौरा

❑ **पूर्वी आर्मी कमांडर से की मुलाकात, दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की**

❑ **पूर्वी आर्मी कमांडर ने उपहार में दिए आइटी लैब उपकरण**

**कोलकाता :** म्यांमार सेना के कमांडर, बीएसओ-1 लेफ्टिनेंट जनरल को को ऊ के नेतृत्व में पांच सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को कोलकाता में सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने यहां पूर्वी सेना कमान के जनरल आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी से मुलाकात की। पूर्वी कमान की ओर



से एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, विशेष रूप से अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में दोनों सेनाओं के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। म्यांमार सेना के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय सशस्त्र बलों की दृढ़ता, समर्पण और व्यावसायिकता के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

पूर्वी आर्मी कमांडर ने प्रतिनिधिमंडल को डिजिटल प्रशिक्षण क्षमताओं को मजबूत करने और सूचना प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए उन्नत आइटी लैब उपकरण भी भेंट किए। कोलकाता दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वी कमान मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत की।

बयान में कहा गया कि यह दौरा दोनों देशों के बीच सातवीं सेना-सेना स्टाफ वार्ता (एएएसटी) का हिस्सा था। अपनी भारत यात्रा के दौरान, म्यांमार सेना के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली, आगरा और गया का भी दौरा किया।

बयान में कहा गया कि भारतीय सेना म्यांमार सेना की डिजिटल प्रशिक्षण क्षमताओं को मज़बूत करने और उनके संगठन के भीतर सूचना प्रबंधन को बेहतर बनाने की पहल का समर्थन करती है। भारत म्यांमार को उसके रक्षा बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण में सहायता करने और दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी-संचालित सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस यात्रा ने दोनों सेनाओं के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत किया है। भारतीय सेना म्यांमार के साथ मजबूत रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

## जादवपुर विश्वविद्यालय के तालाब में छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

❑ **घटना के प्रतिवाद में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जादवपुर थाने के सामने किया प्रदर्शन**

❑ **2023 में विवि के हास्टल की बालकनी से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से एक छात्र की हुई थी मौत**

**कोलकाता :** कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय (विवि) के परिसर में स्थित तालाब में गुरुवार रात एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से मौत हो गई। मृतका का नाम अनामिका मंडल (21) है। वह उत्तर 24 परगना जिले के निमता इलाके की रहने वाली थी और जादवपुर विवि में अंग्रेजी विषय में स्नातक की तृतीय वर्ष की छात्रा थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिस समय यह घटना हुई, उस समय विवि परिसर में एक नाटक का मंचन हो रहा था। मालूम हो कि दो साल पहले जादवपुर विवि के हास्टल की बालकनी से संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से स्नातकोत्तर के छात्र की मौत हो गई थी। उस मामले में विवि के कई पूर्व व वर्तमान छात्रों को गिरफ्तार किया गया था। जादवपुर विवि को हाल में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी की गई रैंकिंग में देशभर में नौवां व बंगाल में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। इस घटना के प्रतिवाद में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने जादवपुर थाने के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने विवि परिसर में भी घुसने का प्रयास किया, हालांकि गेट बंद कर दिया गया। एबीवीपी ने विवि परिसर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने की मांग की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कि मृतका के दोस्तों ने पूछताछ में बताया है कि गुरुवार रात विवि



परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। उस समय पांच लोग, जिनमें अनामिका भी शामिल थी, तालाब के किनारे बैठकर मद्यपान कर रहे थे। शराब के नशे में अनामिका तालाब में उतर गई थी और डूब गई थी। उन लोगों ने काफी तलाश के बाद उसे तालाब से निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उनके बयान की सत्यता की जांच कर रही है।

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201
**Notice Inviting e-Tender**
e-Tender is invited from experienced and resourceful bidders vide **NIT No.- WBMAD/ULB/SRMP/MPLADS/NIT-25/2025-26, Date- 12/09/2025.** Name of work- Construction of Ground Floor with G.C.I. Roof of Anganwadi School at New Mahesh, Ward No. 27. Bid Submission Start Date (online) : **12/09/2025 at 14.00 P.M.** Bid Submission Closing Date (online) : **20/09/2025 at 14.00 P.M.** Bid Opening Date for Technical Proposals (online) : **22/09/2025 at 14.00 P.M.** For details of the project go through **http://wbtenders.gov.in** and **www.seramporemunicipality.net/tenders**
Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**कोलकाता-सायरंग-कोलकाता त्रै-साप्ताहिक एक्सप्रेस का संशोधित गठन**
कोलकाता एवं सायरंग के बीच नई ट्रेन सेवा के शुभारम्भ के संबंध में पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में, यह उल्लेख किया जाता है कि **13125/13126 कोलकाता-सायरंग-कोलकाता त्रै-साप्ताहिक एक्सप्रेस** के **गठन** में निम्नानुसार **संशोधन** किया जाएगा :
**संशोधित गठन: वातानुकूलित 2-टीयर-2, वातानुकूलित 3-टीयर-5, वातानुकूलित 3-टीयर इकोनॉमी-2, शयनयान श्रेणी-7, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलडब्ल्यूएस)-4 एवं पावर कार-2 = 22 कोच।**
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**
दिन के समय ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल-कटवा शाखा में धात्रीग्राम और अम्बिका कालना स्टेशनों के बीच डाउन बैण्डेल-आजिमगंज-कटवा लाइन पर दिनांक **14.09.2025 (रविवार)** से **18.09.2025 (बृहस्पतिवार)** तक 5 दिनों के लिए प्रत्येक दिन 03 **घंटे के ट्रैफिक ब्लॉक** की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:
● **(दिनांक 14,15,16,17 और 18.09.2025) को निरस्तीकरण: बैण्डेल से** - 37749 और **कटवा से** - 37748
● **(दिनांक 14,15,16,17 और 18.09.2025) को नियंत्रण:** 37924 कटवा-हावड़ा लोकल को कटवा और धात्रीग्राम के बीच 15 मिनट के लिए नियंत्रित किया जाएगा।
● **विशेष टिप्पणी:** स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को ब्लॉक अवधि के दौरान मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।
मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### ममता ने साहित्यकार विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय को दी श्रद्धांजलि



**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रख्यात साहित्यकार विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय के जन्मदिवस पर उन्हें याद किया। शुक्रवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्वीट करते हुए लिखा कि ख्यातनाम साहित्यिक विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय को उनके जन्मदिन पर वह अपनी ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं।

**Name Change**
I, Nirmala Das, wife of Anil Das, residing at 742, West Chowbhaga, Chinamndir, Anandpur, Kolkata-700105, do hereby solemnly affirm and declare that my son's correct name is Anubhay Das DOB 14th October 2017 and Anubhay Das and Pranit Singh is the same and one identical person via affidavit in the Court of Ld Judicial Magistrate 1st Class at Sealdah dated 27th June 2025

**ईओआई (इच्छा की अभिव्यक्ति)**
**सेंट्रल हॉस्पिटल, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700 043 के रेलवे रोगियों के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु एमओयू (समझौता ज्ञापन) के माध्यम से पैथोलॉजिकल टेस्ट/जांच सेवा प्रदाता के लिए**
सेंट्रल हॉस्पिटल, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 के रेलवे लाभार्थियों के लिए पैथोलॉजिकल टेस्ट/जांच सुविधा (अनेक्सर-ए में विस्तृत अनुसार) प्रदान करने के लिए इच्छुक पार्टियों के संक्षिप्त-चयन के उद्देश्य से आग्रही और प्रतिष्ठित डायग्नोस्टिक सेंटरों/अस्पतालों से चिकित्सा निदेशक, सेंट्रल हॉस्पिटल, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 "इच्छा की अभिव्यक्ति" (ईओआई) आमंत्रित करते हैं। सफल सेवा प्रदाता चिकित्सा निदेशक के साथ आपसी सहमति करेंगे और एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर अंतिम निर्णय लिए जाने की तिथि से तुरंत एमओयू के नियम और शर्तों के आधार पर कार्य करेंगे। निर्धारित प्रारूप (अनेक्सर-ए, बी और सी में संलग्न अनुसार) में प्रत्युत्तर दिनांक **13 अक्टूबर 2025** को या उससे पहले चिकित्सा निदेशक, सेंट्रल हॉस्पिटल, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच के पास जमा किए जा सकते हैं। विवरण वेबसाइट: **[www.ser.indianrailways.gov.in → Department → Medical]** के माध्यम से उपलब्ध होगा।
(PR-620) चिकित्सा निदेशक, सेंट्रल हॉस्पिटल, गार्डन रीच
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
ई-निविदा सूचना सं.: 99-यांत्रिक-बिलासपुर-ब्रेक वेन, दिनांक: 04.09.2025
**कार्य का नाम:-** खुली निविदा के आधार पर ब्रेक वेन में समायोज्य यार्ड कुर्सियों और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं के प्रावधान का कार्य (30 वेगंस)।
**निविदा मूल्य- रू. 42,76,740/-** (रूपये बियालीस लाख छिहत्तर हजार सात सौ चालीस मात्र), समस्त खर्चों एवं जीएसटी सहित। **अमानत राशि- रू. 85,600/-** (रूपये पचासी हजार छह सौ मात्र), **निविदा:** दिनांक 26.09.2025 को दोपहर 12:00 बजे खोले जाएंगे।
उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-निविदा के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
वरि. मंडल यांत्रिक इंजी.(फ्रेट)
सीपीआर/10/308 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail


**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/696, दिनांक 10.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3483, कार्य का नाम** : एबीएसएस के अधीन बाली में फसाड (अग्र भाग) और पॉर्च के पुनर्विकास, अंदरूनी कार्य, बुकिंग ऑफिस, मौजूदा बिल्डिंग के शौचालय और प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 43,29,326/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 86,600/-, **क्रम सं. 2, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3484, कार्य का नाम** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के अधीन सेवड़ाफुली स्टेशन के कमर्शियल बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के शेष हिस्से को पूरा करने, अंदरूनी कार्य और सर्कुलेटिंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 48,35,619/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 96,700/-, **क्रम सं. 3, निविदा संख्या: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3486, कार्य का नाम** : डीईएन/3/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के अधीन अम्बिका कालना स्टेशन पर मेन एंट्री बिल्डिंग और द्वितीय एंट्री बिल्डिंग के विकास के साथ फसाड और पॉर्च के विकास तथा अंदरूनी कार्य एवं सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 52,99,077/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 1,06,000/-, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 07.10.2025 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।
HWH-290/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**लिलुआ, मतला हॉल्ट और बिंदुबासिनी हॉल्ट स्टेशनों पर ईएमयू लोकल एवं पैसेंजर ट्रेनों के अस्थायी ठहराव का विस्तार**
यात्रियों की सुविधा के लिए, निम्नलिखित ईएमयू लोकल और पैसेंजर ट्रेनें 03 (तीन) महीने की अवधि के लिए **लिलुआ, मतला हॉल्ट और बिंदुबासिनी हॉल्ट** स्टेशनों पर अस्थायी ठहराव प्रदान करती रहेंगी:

| ट्रेन सं. एवं नाम | स्टेशन | विस्तारित तिथि | विस्तारित अवधि |
|---|---|---|---|
| **34521** कैनिंग-सियालदह ईएमयू लोकल | मतला हॉल्ट | 06.10.2025 | 07.10.2025 से 06.01.2026 |
| **34527** कैनिंग-सियालदह ईएमयू लोकल | | | |
| **34536** सियालदह- कैनिंग ईएमयू लोकल | | | |
| **34538** सियालदह- कैनिंग ईएमयू लोकल | | | |
| **37921** हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल | लिलुआ | 12.09.2025 | 13.09.2025 से 12.12.2025 |
| **37923** हावड़ा-कटवा ईएमयू लोकल | | | |
| **37914** कटवा-हावड़ा ईएमयू लोकल | | | |
| **37826** बर्द्धमान-हावड़ा ईएमयू लोकल | | | |
| **53433** अजीमगंज-बरहरवा पैसेंजर | बिंदुबासिनी हॉल्ट | 26.09.2025 | 27.09.2025 से 26.12.2025 |
| **53434** बरहरवा-अजीमगंज पैसेंजर | | | |
| **63422** साहिबगंज-अजीमगंज पैसेंजर | | 20.10.2025 | 21.10.2025 से 20.01.2026 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# कूचबिहार नगरपालिका में 70 से अधिक फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मिलने से हड़कंप



**कूचबिहार :** कूचबिहार नगर पालिका में फर्जी जन्म प्रमाणपत्रों का बड़ा मामला सामने आया है। एक-दो नहीं, बल्कि 70 से अधिक फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बरामद हुए हैं। इनमें से कई में नगर निगम की वाइस चेयरमैन अमीना अहमद के नकली हस्ताक्षर पाए गए हैं। इतना ही नहीं, नपा के अन्य अधिकारियों के भी नकली हस्ताक्षर इन प्रमाणपत्रों में दर्ज हैं। घटना के उजागर होते ही पूरे जिले में हड़कंप मच गया है।

सूत्रों के अनुसार, पहले नगर निगम से हाथ से लिखे हुए जन्म प्रमाणपत्र दिए जाते थे। अब डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं। इसके लिए निगम में अलग विभाग भी है। हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों से कुछ लोग, मुख्यतः कूचबिहार एमजेएन मेडिकल कॉलेज के नाम पर बने प्रमाणपत्र लेकर डिजिटलीकरण कराने आ रहे थे। इन्हें जांचने पर कर्मचारियों को गड़बड़ी का संदेह हुआ। लाल रंग के कागज़ पर बनी, मोहर और हस्ताक्षरयुक्त ये प्रमाणपत्र असली जैसे दिखते थे, लेकिन जांच में ये फर्जी साबित हुए।

जानकारी के मुताबिक, 1 अप्रैल 2018 से एमजेएन मेडिकल कॉलेज में जन्मे बच्चों के प्रमाणपत्र अस्पताल से ही जारी होते हैं। उससे पहले जन्म प्रमाणपत्र निगम से मिलते थे। जिन फर्जी प्रमाणपत्रों का भंडाफोड़ हुआ है, उनमें 2003-2004 के दस्तावेज भी शामिल हैं। कुछ बाद के वर्षों के भी प्रमाणपत्र पाए गए हैं। इन सभी को लमिनेशन कर पेशेवर तरीके से तैयार किया गया था।

वाइस चेयरमैन अमीना अहमद ने कहा, डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र शुरू होने के बाद कर्मचारियों ने मेरे नकली हस्ताक्षर वाले प्रमाणपत्र पकड़े। जांच में साफ हो गया कि वे सभी जाली हैं। इसके बाद से हम उन्हें रोक रहे हैं। लेकिन जो लोग ये प्रमाणपत्र लेकर आ रहे हैं, वे यह साफ नहीं बता रहे कि उन्हें कहां से मिले। मैंने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामला जांच का विषय है।

नगर पालिका के चेयरमैन रवींद्रनाथ घोष ने कहा, यह धांधली उस समय से हो रही है जब मैनुअल प्रमाणपत्र जारी होते थे। अब डिजिटल सिस्टम आने से ये मामले पकड़ में आ रहे हैं। एसआईआर विवाद के बीच कई लोग प्रमाणपत्र डिजिटाइज कराने आ रहे हैं। स्पष्ट है कि एक गिरोह काम कर रहा है। गांव के साध-ारण लोग इन फर्जी दस्तावेजों को असली मान रहे हैं। पुलिस निश्चित रूप से जांच करेगी।

## आईआईटी खड़गपुर ने शाकाहारी, मांसाहारी भोजन के लिए अलग-अलग बैठने संबंधी नोटिस वापस लिया



**कोलकाता :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर ने शाकाहारी और मांसाहारी भोजन की आदतों और पसंद के आधार पर विभिन्न छात्रावासों में भोजन करने के लिए बैठने की अलग-अलग व्यवस्था करने संबंधी एक नोटिस वापस ले लिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संस्थान के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने शुक्रवार को बताया कि बी.आर. आंबेडकर हॉल में इस तरह की अलग-अलग बैठने की व्यवस्था करने संबंधी नोटिस उच्च अधिकारियों की जानकारी के बिना जारी किया गया था। उन्होंने कहा, 'जैसे ही उन्हें इस फैसले के बारे में पता चला, संस्थान के उच्च अधिकारियों से तुरंत परामर्श के बाद इसे रद्द कर दिया गया।' उन्होंने कहा, 'भोजन कक्ष में एकत्रित छात्रों को उनकी पसंद के आधार पर अलग करने के लिए कोई भी पहचान सूचक बोर्ड नहीं होना चाहिए। हमने आदेश दिया है कि जहां भी भोजन कक्ष है, वहां से ऐसे पहचान सूचक बोर्ड तत्काल प्रभाव से हटा दिए जाएं।' चक्रवर्ती ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान को किसी व्यक्ति की भोजन संबंधी पसंद के आधार पर इस तरह बैठने की अलग-अलग व्यवस्था का आदेश नहीं देना चाहिए। गौरतलब है कि 16 अगस्त को 'बी. आर. आंबेडकर हॉल ऑफ रेजिडेंस' के छात्रों को एक नोटिस में शाकाहारी और मांसाहारी भोजन के लिए अलग-अलग निर्धारित स्थानों के आधार पर बैठने के लिए कहा गया था। इससे छात्रों के बीच असंतोष पैदा हो गया और उन्होंने इस कदम की आलोचना की।संस्थान ने आठ सितंबर को सभी हॉल वार्डनों को एक नया नोटिस जारी कर निर्देश दिया कि शाकाहारी, मांसाहारी, जैन और अन्य श्रेणियों के अनुसार मेस के खाने की अलग-अलग व्यवस्था केवल तैयारी और वितरण के स्तर पर ही की जानी चाहिए। नोटिस में कहा गया है, 'भोजन कक्ष में अलग-अलग बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होनी चाहिए।'

### पुलिस कर्मी की मदद से परीक्षा में शामिल हो सका छात्र

**कोलकाता :** बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट की मानवीय पहल शुक्रवार को एक छात्र के लिए संजीवनी साबित हुई। उच्च माध्यमिक की अकाउंटेंसी परीक्षा में शामिल होने जा रहे बेलघरिया हाईस्कूल के छात्र शुभ्रम सरकार एडमिट कार्ड के बगैर ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच गया। वहां पहुंचने पर जब उसे इस बात का एहसास हुआ तो उसने बाहर निकलकर मदद मांगी। सामने खड़े डनलप ट्रैफिक गार्ड में तैनात होमगार्ड मानु अंसारी ने बिना देर किए छात्र की समस्या सुनी और तुरंत अपनी मोटरसाइकिल पर उसे घर पहुंचाया। वहां से एडमिट कार्ड लाकर छात्र को समय पर परीक्षा केंद्र तक वापस छोड़ दिया। इस तरह पुलिसकर्मी की तत्परता और सहयोग से छात्र बिना देरी के परीक्षा में बैठ सका। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से बताया गया कि मानु अंसारी के इस सराहनीय कदम पर विभाग ने उन्हें साधुवाद दिया है।

## कोलकाता मेट्रो में 11 सितंबर को 7.67 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही, नया रिकॉर्ड बनाया

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो ने 11 सितंबर को एक नया रिकॉर्ड बनाया। इस दिन 7.67 लाख से अधिक यात्रियों ने मेट्रो की यात्रा की। शहर और आसपास के क्षेत्रों में मेट्रो सबसे सस्ता, आरामदायक और लोकप्रिय परिवहन साधन बनता जा रहा है, जिसके चलते यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आंकड़ों के अनुसार, ब्लू लाइन पर 5.53 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया। ग्रीन लाइन पर यह संख्या 1.95 लाख से अधिक रही। वहीं पर्पल लाइन पर 6,500 और ऑरेंज लाइन पर 4,800 यात्रियों ने यात्रा की। येलो लाइन पर करीब 7,000 लोगों ने मेट्रो का उपयोग किया।

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए सुबह 9 से 11 बजे और शाम 6 से 8 बजे तक ब्लू लाइन पर ट्रेनों का संचालन लगभग 6 मिनट के अंतराल पर किया गया। इस दौरान करीब 93 प्रतिशत सेवाएं समय पर चलीं। येलो लाइन पर दिनभर 12 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलाई गईं। ग्रीन लाइन पर 100 प्रतिशत समयपालन के साथ पीक आवर्स में 6 मिनट के अंतराल पर सेवाएं दी गईं। ऑरेंज और पर्पल लाइन पर भी पूरी तरह समयपालन सुनिश्चित किया गया। मेट्रो रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे लंबी कतारों से बचने के लिए डिजिटल टिकटिंग प्रणाली का इस्तेमाल करें। स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट के उपयोग पर 5 प्रतिशत बोनस या छूट दी जाती है, जो ऐप से बुकिंग या रिचार्ज के समय लागू होती है। यात्रियों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम और ड्यूटी पर तैनात स्टाफ के निर्देशों का पालन करने की भी सलाह दी गई है।

## वर्दवान पुलिस ने कोलकाता जाने वाली बस से 72 लाख रुपये किए बरामद, तीन गिरफ्तार

**वर्दवान :** पूजा से पहले बिहार से कोलकाता जा रही एक बस में भारी नकदी ले जाने की सूचना मिलने पर वर्दवान पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 72 लाख रुपये बरामद किए और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध नकदी के परिवहन को रोकने में सफलता प्राप्त की। घटना गुरुवार की देर रात की है, जब भागलपुर (बिहार) से कोलकाता आ रही बस राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर पालसिट टोल प्लाजा में रुकी। मेमारी थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर बस में छापा मारा। तलाशी के दौरान दो बैग बरामद हुए, जिन्हें खोलने पर भारी नकदी सामने आई। पुलिस अब तक यह पता लगाने में जुटी है कि इस पैसे का स्रोत क्या था, मालिक कौन है और इसे ले जाने के लिए वैध कागजात मौजूद थे या नहीं।



इस मामले में बस के दो ड्राइवर, एक खलासी और एक यात्री को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नवीनकुमार सिंह और बबलू दास (ड्राइवर), कृष्ण दास (खलासी) और शंभुनाथ बर्मा (यात्री) शामिल हैं। सभी बिहार के भागलपुर और बांका जिले के निवासी हैं। गिनती मशीन से पता चला कि बरामद नकदी की कुल राशि 72 लाख रुपये थी, सभी 500 के नोट में है।

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इतनी बड़ी रकम किस उद्देश्य से ले जाई जा रही थी और यह किसके पास पहुंचनी थी। शुक्रवार को आरोपियों को वर्दवान अदालत में पेश किया गया और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## अचानक बीमार हुई उच्च माध्यमिक परी-क्षार्थी, अस्पताल से देनी पड़ी परीक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा**

नदिया जिले के हरिनघाटा में उच्च माध्यमिक परीक्षा के दौरान परीक्षा देने आई एक छात्रा अचानक गंभीर रूप से बीमार हो गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। बाद में अस्पताल में ही उसके लिए परीक्षा देने का इंतजाम किया गया

जानकारी के अनुसार, छात्रा का नाम शामिना परवीन है। वह हरीनघाटा के बिरही हालदारपाड़ा की रहने वाली और राजलक्ष्मी कन्या विद्यापीठ की छात्रा है। इस बार वह उच्च माध्यमिक की तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा दे रही हैं। उसका परीक्षा केंद्र आनंदपुर हाई स्कूल था, जहां उसने लगातार दो विषयों की परीक्षा पहले ही दी थी। लेकिन बीते दो दिनों से वह बीमार चल रही थी। शुक्रवार को उसका तीसरा विषय एजुकेशन का पेपर था।

बावजूद इसके वह समय पर परीक्षा केंद्र पहुंची। वहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। छात्रा पेट दर्द और उल्टी की समस्या से जूझ रही थी। स्कूल प्रशासन ने तुरंत इसकी सूचना हरिनघाटा थाने को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को हरिनघाटा ग्रामीण अस्प-ताल ले जाया गया।

चिकित्सा शुरू होते ही छात्रा की हालत कुछ सुधरी। इसके बाद बोर्ड और बीएमएच के सहयोग से निर्णय लिया गया कि उसकी परीक्षा अस्पताल में ही कराई जाएगी। तदनुसार, अस्पताल प्रशासन की निगरानी में शामिना परवीन ने अपनी परीक्षा दी।

# दुर्गा पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए मेट्रो की विशेष सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा को देखते हुए मेट्रो रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष सेवाएं संचालित करने की घोषणा की है। कवि सुभाष स्टेशन (ब्लू लाइन) 28 जुलाई से बंद है, जिसके कारण ट्रेन रेक की उलटफेर प्रक्रिया में लगभग 8 मिनट अतिरिक्त समय लग रहा है। इससे डाउन दिशा में ट्रेनों की भीड़ और अप दिशा में अंतराल बढ़ गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए मेट्रो रेलवे ने नया टाइम टेबल बनाया है, जिसके तहत हर दो ट्रेनों के बाद एक रेक को महनायक उत्तम कुमार (टॉलीगंज) स्टेशन पर खाली कर उलट दिया जाएगा। इससे, कवि सुभाष स्टेशन पर होने वाली देरी कम होगी।

मेट्रो रेलवे ने टॉलीगंज कारशेड को भी पुनः सक्रिय करने का निर्णय लिया है। यहां रखरखाव और स्थिरीकरण के बाद रेकों को अप दिशा में चलाया जाएगा। कई रेकों को शॉर्ट टर्मिनेट कर कारशेड भेजा जाएगा। फिलहाल, 136 डाउन ट्रेनों में से 32 को उलटने की योजना है, ताकि पीक ऑवर में 5 मिनट और सामान्य समय में 7 मिनट के अंतराल पर कुल 272 सेवाएं चलाई जा सकें। यात्रियों की जानकारी के लिए ट्रेनों और स्टेशनों पर नियमित घोषणाएं की जा रही हैं। शॉर्ट टर्मिनेशन के बाद हर 5 से 7 मिनट पर शहीद खुदीराम स्टेशन के लिए ट्रेन उपलब्ध रहेगी। यात्रियों के सहयोग से अब तक किसी स्टेशन पर कोई समस्या नहीं हुई है। यह व्यवस्था पूजा के दौरान अतिरिक्त भीड़ को संभालने में सहायक होगी।

मेट्रो रेल भवन में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि पूजा के समय ब्लू, येलो, ग्रीन और पर्पल लाइनों पर सेवाएं चलेंगी। विस्तृत समय सारिणी जल्द जारी होगी। येलो लाइन पर शनिवार और रविवार से सेवाएं शुरू करने के फैसले को यात्रियों से भारी समर्थन मिला है। यात्रियों से अपील है कि वे मोबाइल ऐप या स्मार्ट कार्ड से टिकट खरीदें ताकि बुकिंग काउंटरों पर भीड़ न हो।

## बजाज फाइनेंस का साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड'

**कोलकाता :** बजाज फाइनेंस लिमिटेड, जो बजाज फिनसर्व का हिस्सा है और भारत की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, ने बारुईपुर में एक 'नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड' साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें डिजिटल उपयोगकर्ताओं को विभिन्न प्रकार के खतरों और वित्त को सुरक्षित रखने के सर्वोत्तम तरीकों के बारे में जानकारी दी गई।

बारुईपुर साइबर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर-इन-चार्ज, प्रगति रंजन विश्वास ने चेताया -ठग अक्सर जागरूकता की कमी का फायदा उठाते हैं-विशेष रूप से संपन्न, सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित और शिक्षित व्यक्तियों को झूठे धन के वादों या तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी धमकियों के माध्यम से फँसाते हैं, जिसका कोई कानूनी आधार नहीं है। इस अवसर पर बीएफएल के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारे उपभोक्ताओं की वित्तीय सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों और गणमान्य व्यक्तियों में शामिल थे प्रगति रंजन विश्वास, इंस्पेक्टर-इन-चार्ज; आलोक कुमार बिसोई, सब-इंस्पेक्टर; और विवेक भगत, एसएसपी, बारुईपुर साइबर पुलिस स्टेशन। सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस, सुजीत कुमार सरकार ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## सियालदह स्टेशन पर नई वाहन प्रवेश-निकास और लेनिंग योजना लागू, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता का प्रमुख प्रवेश द्वार और सबसे व्यस्त परिवहन केंद्र सियालदह स्टेशन अब नई यातायात व्यवस्था से और अधिक सुव्यवस्थित होगा। प्रतिदिन लाखों यात्रियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए यहां व्यापक वाहन प्रवेश-निकास योजना और लेनिंग सिस्टम लागू किया गया है।

इस योजना का उद्देश्य वाहनों को निर्धारित लेन में चलाना और यात्रियों के लिए सुरक्षित व सहज वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि स्टेशन पर आने-जाने, ड्रॉपिंग, पिक-अप और पार्किंग में कोई परेशानी न हो। योजना के तहत स्टेशन परिसर को चार लेनों में बांटा गया है। सबसे भीतरी लेन ऑटो रिक्शा और तीन पहिया वाहनों के लिए होगी, जबकि दूसरी लेन पीली टैक्सी और प्री-पेड टैक्सी के लिए तय की गई है। इन दोनों लेनों में केवल ड्रॉप और पिक-अप की अनुमति होगी। यात्रियों की सुविधा के लिए प्री-पेड टैक्सी काउंटर भी स्थापित किया जाएगा। तीसरी लेन निजी वाहनों, ऐप-आधारित टैक्सी और ई-बाइक के लिए होगी, जहां यात्री या तो अस्थायी रूप से रुक सकते हैं या सीधे ड्रॉपिंग पॉइंट से बाहर निकल सकते हैं। सबसे बाहरी लेन पार्किंग और वीवीआईपी वाहनों के लिए निर्धारित होगी।

इस व्यवस्था में दो प्रमुख ड्रॉपिंग प्वाइंट बनाए गए हैं-एक उपनगरीय यात्रियों के लिए और दूसरा मेल/एक्सप्रेस ट्रेन यात्रियों के लिए, ताकि भीड़ का दबाव संतुलित हो। ऐप-आधारित टैक्सी के लिए दो पिक-अप प्वाइंट भी तय किए गए हैं।

प्रारंभ में लेनिंग को डेलिनिएटर के माध्यम से लागू किया जाएगा और सीसीटीवी कैमरों से यातायात पर नजर रखी जाएगी। बाद में ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से स्थायी व्यवस्था बनाई जाएगी। यह नई प्रणाली न केवल यातायात जाम को कम करेगी बल्कि पैदल यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी।

### कोलकाता-पटना-कोलकाता एक्सप्रेस की सेवाएं अब आरा तक बढ़ाई गई

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने कोलकाता-पटना-कोलकाता एक्सप्रेस की सेवाओं को आरा तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब 12359 कोलकाता-पटना-आरा एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) कोलकाता से मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को शाम 8:05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 7:45 बजे आरा पहुंच जाएगी। इस ट्रेन का पटना और दानापुर पर आगमन क्रमशः सुबह 6:05 बजे और 6:30 बजे होगा और प्रस्थान क्रमशः 6:15 बजे व 6:32 बजे किया जाएगा। वहीं, 12360 आरा-पटना-कोलकाता एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) आरा से बुधवार, शुक्रवार और रविवार को शाम 6:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 5:30 बजे कोलकाता पहुंचेगी। ट्रेन का दानापुर और पटना पर आगमन क्रमशः शाम 7:18 बजे और 7:55 बजे होगा, जबकि प्रस्थान क्रमशः 7:20 बजे और 8:05 बजे किया जाएगा। इस एक्सटेंशन से कोलकाता, दानापुर और आरा के बीच यात्रियों की आवाजाही सरल और सुविधाजनक होगी।

## हर्षोल्लास से मनाया गया अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में हिंदी दिवस




**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के उच्च विभाग के वातानुकूलित प्रागंण में भव्यता से समपन्न हुआ हिंदी दिवस चूंकि इस वर्ष 14 सितम्बर रविवार होने के कारण हिंदी दिवस का आयोजन विद्यालय में 12 सितम्बर 2025 शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राचार्य श्री सरोज कुमार श्रीवास्तव,मुख्य अतिथि सुश्री प्रियंका सिंह, शाखा प्रबंधक, बैक ऑफ इंडिया,लिलुआ, प्रधानाध्यापिका, सेकेंडरी विभाग, प्रधानाध्यापक प्राईमरी, वित्तीय विभाग के अधिकारीगण, अध्यापिकायें और कक्षा छठी से आठवी तक की छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी गणमान्यों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया गया। कक्षा छठी और सातवी की छात्राओं के लिए काव्यपाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई,प्रतिभागी छात्राओं की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा में शिक्षक दिवस की धूम

❑ **शिक्षक ही सभ्य, सुशिक्षित और आत्म-निर्भर समाज के निर्माता : महावीर प्रसाद सराफ**

**हावड़ा :** शहर में उच्च शिक्षा के अन्यतम शिक्षण संस्थान श्री अग्रसेन कॉलेज लिलुआ हावड़ा में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन और दिवसीय सत्र द्वारा पृथक रुप से आयोजित समारोहों में केवल छात्राओं के लिए संचालित प्रातः कालीन सत्र की छात्राओं ने विविध आयोजनों के माध्यम से शिक्षक दिवस समारोह मनाते हुए शिक्षकों का आदर-सम्मान व मनोरंजन किया जबकि दिवसीय सत्र के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने समवेत रुप से यह आयोजन करते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति महान शिक्षाविद् सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा निवेदित की और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को जीवन आत्मसात करने का आह्वान किया गया। विविध आयोजनों से सजे समारोह में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद उठाया।



कॉलेज के चेयरमैन महावीर प्रसाद सराफ ने इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक ही सभ्य, सुशिक्षित और आत्म-निर्भर समाज के निर्माता हैं और हर हाल में इनका सम्मान अक्षुण रहना चाहिए। श्री सराफ ने नये शिक्षा सत्र में कॉलेज में प्रवेश लाने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कॉलेज में उनके लिए हर संभव सुविधायें उपलब्ध हैं और कॉलेज का सर्वोपरि उद्देश्य है कि हर छात्र को उच्च शिक्षा का अधिकार है और इस उद्देश्य की पूर्ति में श्री अग्रसेन कॉलेज हावड़ा अपने स्तर पर निरंतर प्रयत्नशील है।

कॉलेज की प्राचार्या ने बताया कि वर्तमान शिक्षा वर्ष के लिये अभी भी कालेज में नये सत्र के लिए एडमिशन का कार्य चल रहा है । सभी प्रोफेसरों व अन्य अधिकारियों व कर्म चारियों के साथ ही कॉलेज के विद्यार्थियों की उपस्थिति व सक्रियता से यह आयोजन स्मरणीय बन गया।

## हावड़ा मंडल ने सुरक्षा जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक किया आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञ :** हावड़ा मंडल की डिविजनल सांस्कृतिक समिति ने रेलवे सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता बढ़ाने के लिए बाली और कोन्नगर रेलवे स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। 11 सितंबर को आयोजित इस नाटक का मुख्य उद्देश्य यात्रियों और स्थानीय लोगों को रेलवे सुरक्षा नियमों के महत्व से अवगत कराना था। इसमें पटरियां पार करते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, लेवल क्रॉसिंग पर सिग्नल व नियमों का पालन करने और पटरियों के बजाय फुट ओवरब्रिज या अंडरपास से आवाजाही करने जैसे संदेश दिए गए। संवादों और सरल नाटकीय प्रस्तुतियों के माध्यम से इन संदेशों को आम जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया गया। प्रदर्शन ने यात्रियों और स्थानीय निवासियों का ध्यान आकर्षित किया। इंटरएक्टिव शैली में प्रस्तुत इस नाटक ने जटिल सुरक्षा नियमों को आसान भाषा और शैली में समझाया, जिससे सभी आयु वर्ग के लोग आसानी से जुड़ सके। इस दौरान कई यात्रियों ने कहा कि इस नाटक ने उन पर गहरा प्रभाव छोड़ा और उन्हें रेलवे परिसरों में अधिक सतर्क रहने की प्रेरणा मिली। पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने बताया कि वह यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित करता रहेगा।

## चिरेका में दो दिवसीय विक्रेता विकास बैठक का शुभारंभ

**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में 12 और 13 सितंबर को दो दिवसीय विक्रेता विकास बैठक (वेंडर्स डेवलेपमेंट मीट) का आयोजन किया जा रहा है। स्टोर्स विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक का शुभारंभ महाप्रबंधक विजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। महाप्रबंधक ने वेंडर्स का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी एक गाड़ी के दो पहिए हैं। इस कार्यक्रम में खुलकर भाग लें और संस्थान के विकास में सहयोग दें। कार्यों को सरल बनाने का प्रयास किया जाए। भारतीय रेल में हजारों लोको की मांग है, आप सभी इसके महत्वपूर्ण स्रोत बन सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाली किसी भी समस्या का समाधान आपसी सहयोग से किया जाएगा। साथ ही वेंडर्स से आग्रह किया कि वे इस बैठक से मिलने वाले अवसरों का पूरा लाभ उठाएं।



कुमार ने विक्रेता पंजीकरण की प्रक्रिया को सुचारू व तीव्र बनाने का आश्वासन दिया और कहा कि चिरेका तथा भारतीय रेलवे की प्रगति में विक्रेताओं को व्यावसायिक भागीदार के रूप में जोड़ा जाएगा। उन्होंने वेंडर्स को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उत्पादन पर ध्यान देने की अपील की, ताकि उत्पाद निर्यात योग्य बन सकें। सीएमएम/टीएम रविंद्र प्रसाद ने कहा कि वेंडर मीट का आयोजन 2014-15 से हो रहा है, जिससे वेंडर्स नई नीतियों से अवगत होते हैं। वहीं, सीएमएम/हेडक्वार्टर संजय वर्मा ने कहा कि आप केवल वेंडर नहीं, बल्कि हमारे भागीदार हैं। भारतीय रेल परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और इसमें आपकी भागीदारी जरूरी है।

इस अवसर पर सीईई डिजाइन हरीश मित्तल और पीएफए के.के. गोयल ने भी संबोधन किया। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने एक प्रदर्शनी का उद्घाटन कर 66 प्रदर्शित वस्तुओं का अवलोकन किया। बड़ी संख्या में देशभर से आए वेंडर्स ने पंजीकरण कर चर्चा में भाग लिया। यह बैठक 13 सितंबर को संपन्न होगी।

## रेलवे की यात्रियों से अलार्म चेन केवल आपातकाल में प्रयोग करने की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों द्वारा लगातार हो रही अनुचित अलार्म चेन पुलिंग पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। रेलवे का कहना है कि यह कृत्य न केवल अवैध और असुरक्षित है, बल्कि इससे ट्रेन संचालन प्रभावित होता है और हजारों यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ती है। अलार्म चेन केवल आपातकालीन परिस्थितियों जैसे अचानक स्वास्थ्य संकट, आग लगने या यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याओं में ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए, लेकिन कई यात्री इसे निजी सुविधा या सहयात्रियों का इंतजार करने जैसी गैर-जरूरी वजहों से खींचते हैं। आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल से 31 अगस्त 2025 तक पूर्व रेलवे में 1,927 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 1,844 यात्रियों को रेलवे अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। मंडलवार आंकड़ों में मालदह मंडल सबसे अधिक प्रभावित रहा (644 मामले, 632 गिरफ्तारियां), इसके बाद आसनसोल मंडल (618 मामले, 605 गिरफ्तारियां), हावड़ा मंडल (581 मामले, 523 गिरफ्तारियां) और सियालदह मंडल (84 मामले, सभी गिरफ्तार) शामिल हैं। पूर्व रेलवे ने बताया कि अलार्म चेन के दुरुपयोग से मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में देरी होती है, जिससे नेटवर्क पर श्रृंखलाबद्ध विलंब फैलता है। इसका असर सिर्फ यात्रियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि खाद्यान्न, उर्वरक और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति तथा चिकित्सा, शिक्षा और रोजगार से जुड़े यात्रियों की योजनाओं पर भी पड़ता है।

## रेलवे बोर्ड सदस्य हितेंद्र मल्होत्रा ने डानकुनी गुड्स शेड निरीक्षण कर विकास पर दिया जोर

**हावड़ा :** रेलवे बोर्ड के सदस्य (ऑपरेशंस एवं बिजनेस डेवलपमेंट) हितेंद्र मल्होत्रा ने 10 सितंबर को वरिष्ठ अधिकारियों एवं रेलवे बोर्ड, पूर्व रेलवे मुख्यालय तथा हावड़ा मंडल के अधिकारियों के साथ डानकुनी गुड्स शेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मल्होत्रा ने डानकुनी की रणनीतिक महत्ता पर जोर देते हुए बताया कि यह पूर्व रेलवे का सबसे बड़ा गुड्स शेड है, जहां सर्वाधिक इनवर्ड ट्रैफिक संभाला जाता है। उन्होंने स्वच्छता, सुरक्षा, परिचालन दक्षता और सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई, ताकि ग्राहकों और हितधारकों के लिए अनुकूल कार्य वातावरण तैयार किया जा सके। उन्होंने ग्राहकों, उपयोगकर्ताओं और माल सेवा से जुड़े सभी हितधारकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। मल्होत्रा ने कहा कि गुड्स शेड को ग्राहक अनुकूल बनाने और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने से न केवल ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ेगी, बल्कि अधिक यातायात आकर्षित होगा और राजस्व में वृद्धि भी होगी। मल्होत्रा ने डानकुनी को विश्वस्तरीय गुड्स शेड में विकसित करने की दृष्टि साझा की और विभिन्न परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु स्पष्ट रोडमैप एवं लक्ष्य निर्धारित किए। मंडल ने आश्वासन दिया कि सदस्य (ऑपरेशंस एवं बिजनेस डेवलपमेंट) के दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।



# नशामुक्ति केंद्र के संचालक की शिलनोड़ से कुचलकर हत्या, उत्तरपाड़ा में सनसनी

**❑ आरोपी फरार, पुलिस ने शुरू की तलाश**

**हुगली :** उत्तरपाड़ा में स्थित टाइम टू चेंज नामक नशामुक्ति केंद्र के संचालक की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। आरोप है कि शुक्रवार तड़के केंद्र के ही दो नशामुक्ति आवासियों ने शिलनोड़ (पत्थर पीसने का औजार) से सिर कुचलकर केंद्र संचालक मदन राणा की हत्या कर दी।

सूत्रों के अनुसार, वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने एक अन्य निवासी को भी पीटा और वहां से फरार हो गए। गंभीर हालत में मदन राणा को उत्तरपाड़ा स्टेट जनरल



अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटनास्थल पर चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी पहुंचे। एसीपी-3 अली राजा और उत्तरपाड़ा थाना प्रभारी अमिताभ सान्याल समेत भारी मात्रा में पुलिस बल मौके पर पंहुचा। पुलिस ने बारीकी से नशामुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जांच तेज कर दी है।

मृतक की बहन नंदिता वर्मा ने कहा कि सुबह करीब पौने सात बजे खबर मिली कि भाई पर हमला हुआ है। जब हम पहुंचे तो भाई खून से लथपथ हालत में पड़ा था, लेकिन सांस चल रही थी। डॉक्टर ने कहा थोड़ी पहले अस्पताल ले आते तो बचाया जा सकता था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी दुर्गापूजा से पहले घर जाना चाहते थे। लेकिन केंद्र संचालक मदन राणा उन्हें छुट्टी देने के लिए तैयार नहीं थे। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और सुबह-सुबह रसोई घर से शिलनोड़ निकालकर उन पर हमला कर दिया गया। आरोपियों का घर दमदम और बेलघरिया इलाके में बताया जा रहा है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गौरतलब है कि उत्तरपाड़ा शहर में कई नशामुक्ति केंद्र बिना कड़े निगरानी तंत्र के चल रहे हैं। इनकी वैधता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और दहशत फैल गई है।

# गोघाट के कई ग्रामीण नेपाल में फंसे

## परिवार वालों की आंखों में आंसू, सुरक्षित वापसी की कर रहे अपील

**हुगली, समाज्ञा**

नेपाल इन दिनों हिंसा और अराजकता की आग में जल रहा है। सरकारी भवनों से लेकर नेताओं के घरों तक में आगजनी, तोड़फोड़, लूटपाट और हमलों की घटनाओं से पूरा देश दहल उठा है। हालात काबू में करने के लिए नेपाल सरकार को सेना तक उतारनी पड़ी है। स्कूल, कॉलेज, बाजार, दफ्तर और अदालतें सब बंद हैं। आम लोग घरों से निकलने से डर रहे हैं।

इस बीच, हुगली जिले के गोघाट के साओड़ा गांव के कई लोग नेपाल के मोरंग जिले के उल्लाबाड़ी इलाके में फंसे हुए हैं। वहां न तो भोजन सही से मिल रहा है, न ही पीने का पानी। यातायात पूरी तरह ठप होने के कारण वे घर भी नहीं लौट पा रहे हैं।

फंसे हुए लोगों में प्रभास कारक, दीपेंद्र दोलुई, हिरुलाल सिंह, सुरजीत सिंह, बप्पादित्य सिंह, सौरभ सिंह, बापी बाग, सुंदर राय और दिव्येंदु दोलुई शामिल हैं। सिलीगुड़ी से महज 70-80 किलोमीटर दूर फंसे इन ग्रामीणों के परिवार वाले घर पर बैठकर हर पल उनकी चिंता में डूबे हैं।

मुरारी सिंह कुछ दिन पहले ही नेपाल से लौट आए, लेकिन उनके भाई और तीन भतीजे अभी भी वहीं फंसे हुए हैं। वीडियो कॉल पर उनसे बात करने के बाद परिवार की बेचैनी और बढ़ गई। प्रभास की पत्नी सोमा और मां मालती कारक रो-रोकर बेहाल हैं। मालती कारक ने कहा कि पता नहीं बेटा कब लौटेगा। चिंता में रातों को नींद नहीं होती।

संध्या सिंह का बड़ा बेटा नेपाल से लौट आया है, लेकिन उनका मंझला बेटा और तीन पोते अभी वहीं हैं। उन्होंने भी वीडियो कॉल पर बताया कि हालात बेहद खराब हैं। खाना खत्म होने की कगार पर है, पानी नहीं मिल रहा और सभी घरों के अंदर ही कैद होकर रह गए हैं।

दिव्येंदु दोलुई पिछले 17 सालों से नेपाल के एक सोने के शोरूम में काम करते हैं। उनकी पत्नी अंतरा और पिता मिलन दोलुई भी बेचैनी में हैं।

परिवार वालों की एक ही गुहार है - सरकार जल्द से जल्द उनके प्रियजनों को सुरक्षित भारत वापस लाने की व्यवस्था करे।

### केएमसी की बड़ी पहलः अब बांग्ला भाषा में बिल्डिंग प्लान

**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने बांग्ला भाषा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अब बिल्डिंग प्लान भी बांग्ला में उपलब्ध कराने की सुविधा शुरू की है। इससे पहले केएमसी ने शहर में बांग्ला भाषा में साइनबोर्ड अनिवार्य करने का निर्णय लिया था। मेयर फिरहाद हाकिम ने गुरुवार को केएमसी मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में इस पहल का औपचारिक उद्घाटन किया। यह पहली बार है जब किसी घर के डिज़ाइन को बांग्ला भाषा में मंजूरी दी गई है। मेयर ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत आज वार्ड नंबर 67 के लिए पहला बिल्डिंग प्लान बांग्ला में स्वीकृत किया गया। नगर निगम का मानना है कि यह कदम न केवल स्थानीय भाषा को बढ़ावा देगा बल्कि आम नागरिकों के लिए बिल्डिंग प्लान को समझना भी आसान बना देगा।

### कोलकाता एयरपोर्ट पर अखिल भारतीय सुरक्षा प्रबंधन प्रशिक्षण सत्र का समापन




**कोलकाता :** कोलकाता एयरपोर्ट स्थित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के क्षेत्रीय मुख्यालय (पूर्वी क्षेत्र) के तत्वावधान में सुरक्षा प्रबंधकों के लिए आयोजित सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। आठ से 12 सितंबर 2025 तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश भर के हवाई अड्डों का प्रतिनिधित्व करने वाले 25 अधिकारियों ने भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता एचएस बिस्वास, उप क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक/ महाप्रबंधक (पूर्वी क्षेत्र) ने की, जिन्होंने प्रतिभागियों में प्रमाण पत्र भी वितरित किए। अपने संबोधन में बिस्वास ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और एएआई की सक्रिय सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने में सुरक्षा प्रबंधकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा विमानन की आधारशिला है। संरचित एसएमएस प्रशिक्षण के माध्यम से हम अपने सुरक्षा प्रबंधकों को जोखिमों की पहचान करने, शमन उपायों को लागू करने और सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बना रहे हैं।

# 14 साल बाद गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने नारकोटिक्स केस रद्द किया

**कोलकाता :** कोलकाता उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक व्यक्ति के खिलाफ नारकोटिक्स से संबंधित मामले को रद्द कर दिया। इस व्यक्ति की गिरफ्तारी स्थानीय अदालत द्वारा 2010 में जारी वारंट के 14 साल बाद, मार्च 2024 में की गई थी।

हाईकोर्ट ने पुलिस को तंज कसते हुए कहा कि देश में ऐसा कोई कानून नहीं है, जो अदालत को वारंट निष्पादित करने के लिए पुलिस को रिमाइंडर भेजने के लिए बाध्य करे। काजीम शेख, 35, का नाम 2010 में मुर्शिदाबाद के जलांगी थाने में दर्ज एफआईआर में आया था। उस समय दो अन्य आरोपियों ने शेख का नाम लिया था, और पुलिस ने अदालत में



कहा कि उसे भी गिरफ्तार करना जरूरी है। अदालत ने 2 सितंबर 2010 को वारंट जारी किया था, लेकिन गिरफ्तारी 22 मार्च 2024 तक नहीं हुई।

राज्य की ओर से वकील ने 14 साल की देरी के दो कारण बताए। पहला, 2020 में जलांगी पुलिस स्टेशन का विभाजन होना, जिससे एफआईआर सागरपारा पुलिस स्टेशन में चली गई और वारंट जलांगी पुलिस को निष्पादित करने के लिए भेजा गया। हाईकोर्ट ने इसे अस्वीकार्य बताते हुए कहा, 10 साल तक पुलिस निष्क्रिय रही। यह किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं है, खासकर जब यह किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता से जुड़ा मामला हो।

दूसरा कारण यह बताया गया कि आरोपी 14 साल तक फरार था। शेख ने इसे खारिज करते हुए कहा कि वह इन वर्षों में अपने घर में ही रहा और पुलिस ने संपर्क नहीं किया।

हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया कि यदि पुलिस लंबे समय तक निष्क्रिय रहती है, तो अदालत को आरोपी के पक्ष में निर्णय करना चाहिए, खासकर जब उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत न हो।

# हावड़ा मिल्स कंपनी ने जूट की कमी और संकट के कारण मिल गतिविधियां रोकी

**हावड़ा, समाज्ञा :** कच्चे जूट की गंभीर कमी और उद्योग में उत्पन्न संकट के बीच हावड़ा मिल्स कंपनी की इकाई एमआरपी कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड ने अस्थायी रूप से मिल की गतिविधियां रोकने का निर्णय लिया है। प्रबंधन ने कर्मचारियों को सूचित किया कि उत्पादन और उत्पादकता को बनाए रखने में लगातार कठिनाइयों के चलते 13 सितंबर से मिल अस्थायी रूप से बंद रहेगी। कंपनी ने कहा कि कमी के बावजूद सप्ताह में चार दिन उत्पादन जारी रखने का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में, 09 सितंबर को यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई, जिसमें प्रस्ताव रखा गया कि मिल 10 सितंबर से 12 सितंबर तक बंद रखी जाए। 12 सितंबर पूर्व निर्धारित अवकाश था, लेकिन कुछ प्रतिनिधियों ने गंभीर स्थिति की अनदेखी कर मिल बंद करने की धमकी दी।

प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि उत्पादकता 38-40 हैंड प्रति टन है, जो उद्योग औसत से बेहतर है। बावजूद इसके, सहयोग की कमी से हालात बिगड़ रहे हैं। हावड़ा क्षेत्र की अन्य मिलों की तरह चार सैकिंग लूमस पर संचालन का आग्रह किया गया था। कंपनी ने चेतावनी दी कि यूनियन का असहयोग जारी रहा तो प्रबंधन के पास विकल्प नहीं बचेगा। इसलिए 13 सितंबर से अस्थायी कार्य स्थगन लागू होगा। इस अवधि में वेतन या भत्ते नहीं मिलेंगे, केवल आवश्यक कर्मियों को प्रवेश होगा, जबकि सभी पात्र कर्मचारियों को बोनस नियमों अनुसार दिया जाएगा।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने की 'विश्व बांग्ला शारद सम्मान-2025' की घोषणा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार के सूचना एवं संस्कृति विभाग की ओर से शारदोत्सव (दुर्गा पूजा) को और अधिक आकर्षक बनाने तथा बंगाल की कला एवं संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहुँचाने के उद्देश्य से वर्ष 2013 से 'विश्व बांग्ला शारद सम्मान' पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 'विश्व बांग्ला शारद सम्मान-2025' की घोषणा की गई है।

राज्य सरकार ने बताया कि कोलकाता, उसके आसपास के क्षेत्र, राज्य के सभी जिले तथा देश-विदेश के चुनिंदा दुर्गा पूजा समितियों को इस सम्मान से नवाज़ा जाएगा।

**■ कोलकाता और आसपास के लिए पुरस्कार की श्रेणियाँ :-** कोलकाता नगर निगम क्षेत्र, दक्षिण दमदम, बरानगर एवं विधाननगर नगरपालिकाओं के अंतर्गत चुनी गई पूजा समितियों को निम्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा-

- ❑ सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा
- ❑ सर्वश्रेष्ठ मंडप
- ❑ सर्वश्रेष्ठ थीम/भावना
- ❑ सर्वश्रेष्ठ प्रकाश सज्जा
- ❑ सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण अनुकूल पूजा
- ❑ सर्वश्रेष्ठ पारंपरिक पूजा
- ❑ सर्वश्रेष्ठ सामाजिक चेतना पूजा
- ❑ सर्वश्रेष्ठ अन्य थीम
- ❑ विशेष पुरस्कार
- ❑ सर्वश्रेष्ठ ढाक वादन
- ❑ सर्वश्रेष्ठ विश्व बांग्ला ब्रांडिंग
- ❑ सर्वश्रेष्ठ में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**■ जिलों के लिए पुरस्कार की श्रेणियाँ :-** कोलकाता के अतिरिक्त 22 जिलों की पूजा समितियों को इन श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा-

- ❑ सर्वश्रेष्ठ पूजा
- ❑ सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा
- ❑ सर्वश्रेष्ठ मंडप
- ❑ सर्वश्रेष्ठ सामाजिक चेतना पूजा

**■ आवेदन प्रक्रिया :-** पूजा समितियाँ 11 सितंबर से 20 सितंबर 2025 तक ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन कर सकती हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट्स www.egiyebangla.gov.in, www.wb.gov.in, www.icad.wb.gov.in तथा www.bbss.wb.gov.in उपलब्ध होंगी।

कोलकाता और आसपास की समितियों के लिए आवेदन पत्र कोलकाता सूचना केंद्र (1/1 आचार्य जगदीशचंद्र बोस रोड, कोलकाता-20) से दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक प्राप्त और जमा किए जा सकते हैं। जिलों के लिए आवेदन संबंधित जिला/महकमा सूचना एवं संस्कृति अधिकारी के कार्यालय से उपलब्ध होंगे।

**■ विशेष शोभायात्रा :-** दुर्गा पूजा विसर्जन की विशेष शोभायात्रा (रेड रोड कार्निवाल) कोलकाता में 5 अक्टूबर 2025, रविवार को आयोजित की जाएगी। वहीं, राज्य के जिलों और कुछ महकमों में यह शोभायात्रा 4 अक्टूबर 2025, शनिवार को होगी।

सरकार की ओर से कहा गया है कि चयनित पूजा समितियों के नाम पंचमी/षष्ठी के दिन घोषित किए जाएंगे।

## अनन्त की यात्रा और मुक्ति का पथ है दीक्षाः मुनिश्री जिनेश कुमार जी

**कोलकाता :** युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी ठाणा-3 के सानिध्य में दीक्षार्थी श्री हनुमानमल दुगड़ का मंगलभावना कार्यक्रम भिक्षु विहार में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया। मुनिश्री ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा -भारतीय संस्कृति त्याग व संयम की संस्कृति रही है। त्याग का मूर्त रूप है दीक्षा। यह अनन्त की यात्रा, मुक्ति का पथ, आत्मोत्कर्ष का रथ है। दीक्षा वासना से उपासना, मृत्यु से अमरत्व, असत् से सत् और राग से विराग की ओर जाने का उपक्रम है। तेरापंथ धर्मसंघ में दीक्षा विलक्षण होती है। व्यक्ति को अनेक कसौटियों पर परखा जाता है। खरा उतरने के उपरान्त ही गुरुदेव द्वारा दीक्षा की स्वीकृति प्रदान की जाती है। उपासक हनुमानमल दुगड़ 70 वर्ष की उम्र में आचार्यश्री महाश्रमण जी




के कर-कमलों से दीक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं। उनके आध्यात्मिक जीवन के प्रति मंगलकामना।

मुनिश्री कुणाल कुमार ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। स्वागत वक्तव्य बूर्वांचल सभा अध्यक्ष संजय सिंघी ने दिया। दीक्षार्थी हनुमानमल दुगड़ ने वैराग्य का घटनाक्रम बताते हुए सबी से खमत-खामणा किया। परिचय उपासक सुरेंद्र सेठिया ने दिया। उपासक महावीर प्रताप दुगड़, कलकत्ता सभा अध्यक्ष अजय भंसाली ने भी विचार रखे। सुराणा परिवार ने सामूहिक गीतिका प्रस्तुत की जबकि आभार ज्ञापन सभा के मंत्री पंकज डोसी ने किया।

कार्यक्रम का संचालन मुनिश्री परमानन्द जी ने किया। मुख्य ट्रस्टी बाबूलाल गंघ, महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश गोयल सहित विशाल संख्या में श्रावक समाज की उपस्थिति रही।

### श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, लिलुआ में उत्साहपूर्वक मनाया गया हिंदी दिवस

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, लिलुआ में हिंदी दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डीन, शिक्षकगण और अभिभावकों ने मिलकर हिंदी भाषा के महत्व और उसकी आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में हिंदी-भोजपुरी के प्रसिद्ध साहित्यकार हरेंद्र कुमार पांडेय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने हिंदी की सार्वभौमिकता पर जोर देते हुए कहा कि यह भाषा देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। साथ ही उन्होंने सभी को स्मरण कराया कि किसी भी भाषा की शुद्धता और शुचिता बनाए रखना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना उसका प्रयोग करना। विद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह ने छात्रों और अभिभावकों में भाषा के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना को और सुदृढ़ किया।

### बीएसए गोल्ड स्टार ने भारत में मनाई पहली वर्षगांठ

**कोलकाता :** बीएसए गोल्ड स्टार पिछले साल भारत में वापस आई थी, अपने साथ असली ब्रिटिश मोटरसाइक्लिंग का बेमिसाल आकर्षण लेकर। इसने बड़े सिंगल-सिलेंडर इंजनों के परिष्कार का एक नया मानक भी तय किया। एक साल बाद, इस क्लासिक सिंगल को बीएसए के पहले एक्सचेंज प्रोग्राम के साथ मनाया जा रहा है, जिसे खास तौर पर त्योहारी सीज़न के लिए पेश किया गया है। क्लासिक लीजेंड्स के चीफ बिज़नेस ऑफिसर, शरद अग्रवाल ने कहा, भारत में लॉन्च के बाद से बीएसए गोल्ड स्टार ने वफादार राइडर्स का एक समूह बनाया है। यह बीएसए की आत्मा को एक ऐसे रूप में आगे बढ़ाता है जो क्लासिक भी है और आधुनिक भी।

# पूर्व रेलवे में तकनीकी पहल, हावड़ा स्टेशन में ऐप-आधारित कैब बुकिंग कियोस्क शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और डिजिटल सेवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हावड़ा रेलवे स्टेशन (पुराना और नया परिसर) में ऐप-आधारित कैब बुकिंग कियोस्क का उद्घाटन किया। यह पहल हावड़ा स्टेशन को पूर्व रेलवे का पहला ऐसा स्टेशन बनाती है, जो स्टेशन-आधारित मोबिलिटी समाधान के क्षेत्र में नई दिशा स्थापित करता है। पूर्व भारत के प्रवेश द्वार हावड़ा स्टेशन देश के सबसे व्यस्त और प्रतिष्ठित रेलवे टर्मिनलों में से एक है। यह वंदे भारत एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, दुरंतो एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस जैसी प्रमुख मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का आरंभिक बिंदु है और विशाल उपनगरीय नेटवर्क को भी संभालता है। प्रतिदिन




11 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही वाले इस स्टेशन का देशभर में महत्वपूर्ण योगदान है। हावड़ा मंडल ने उबर इंडिया सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यह कियोस्क सुविधा शुरू की है। अब यात्री स्टेशन परिसर में ही कैब बुक कर सकेंगे, जिससे यात्रा सुरक्षित, पारदर्शी और भरोसेमंद होगी। इससे स्टेशन के बाहर अधिक शुल्क और अनियमित कैब संचालन की समस्या भी कम होगी। यह पहल भारतीय रेलवे के डिजिटल दृष्टिकोण के अनुरूप है और तकनीक-सक्षम समाधानों के माध्यम से यात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाती है।

# 50 दिन वेंटिलेटर पर संघर्ष के बाद एम.आर. बांगुर अस्पताल ने दिया नए जीवन का उपहार

**कोलकाता/आसनसोल :** जीवन और मृत्यु के बीच 50 दिन तक जूझने के बाद 37 वर्षीय समर दास, जो ब्रेन स्ट्रोक के कारण कोमा में चले गए थे, आखिरकार एम.आर. बांगुर अस्पताल के डॉक्टरों की अथक मेहनत से जिंदगी की ओर लौट आए।

आसनसोल के रानीगंज निवासी समर दास गाड़ी चलाते समय अचानक हेमारेजिक ब्रेन स्ट्रोक का शिकार हो गए थे। पहले बर्दवान मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जरी हुई, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। उनका मस्तिष्क सांस नियंत्रित करने वाला हिस्सा काम करना बंद कर चुका था। इसके साथ ही एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम, सेप्सिस के कारण किडनी और लिवर



फेलियर जैसी जटिलताएं भी सामने आईं।

20 जून को उन्हें टालीगंज स्थित एम.आर. बांगुर अस्पताल के सीसीयू में भर्ती किया गया। ट्रैकियोस्टॉमी कर कृत्रिम रूप से सांस दिलाने की व्यवस्था की गई। लगातार एंटीबायोटिक्स, जीवनरक्षक दवाएं, इंजेक्शन और चेस्ट फिजियोथेरपी दी गई। खास बात यह रही कि इलाज के दौरान मरीज के परिवार को बाहर से कोई दवा खरीदनी नहीं पड़ी।

डॉ. वाई. चौहान, डॉ. अनिर्बाण भट्टाचार्य और सर्जन डॉ. सोहम सामंत की टीम दिन-रात इलाज में जुटी रही। नर्सों और अन्य स्टाफ ने भी चौकसी से मरीज की देखभाल की। धीरे-धीरे समर का ब्रेन प्रतिक्रिया देने लगा। फेफड़े सक्रिय हुए और किडनी व लिवर ने काम करना शुरू किया। हाल ही में उनकी ट्रैकियोस्टॉमी ट्यूब हटा दी गई और अब वे खुद से सांस ले पा रहे हैं।

पत्नी अपर्णा दास ने बताया, अब पहले से काफी बेहतर हैं। खाइए तो खुद से खा लेते हैं, सामान्य रूप से सांस भी ले रहे हैं। लेकिन अभी तक सभी को पहचान नहीं पा रहे हैं।

डॉ. सोहम सामंत ने कहा कि स्ट्रोक से दिमाग का बायां हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, इसलिए स्मृति पर असर पड़ा है। हालांकि मरीज खुद खा-पी सकते हैं और बाकी पैरामीटर सामान्य हैं। नियमित फिजियोथेरपी से और सुधार की संभावना है।

समर की पत्नी ने भावुक होकर कहा- हमारी 6 साल की बेटी है। समर ही घर के एकमात्र कमाने वाले थे। डॉक्टरों ने जान बचा ली, लेकिन अब सोच रही हूं कि उनका इलाज और फिजियोथेरपी का खर्च कैसे उठाऊंगी और घर का गुजारा कैसे होगा।

# अर्जुन सिंह का तृणमूल पर पलटवार, कहा... 'सीएम से कहें मेरे खिलाफ 400 एफआइआर दर्ज करें'

**❑ भड़काऊ बयान के बाद अपने खिलाफ दर्ज एफआइआर पर भाजपा नेता ने तृणमूल सांसद को दी चुनौती**

**❑ कहा- मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है, एफआइआर से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता**

**कोलकाता :** नेपाल में हुई व्यापक हिंसा के बाद बंगाल में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह द्वारा दिए गए कथित भड़काऊ बयान को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की ओर से बैरकपुर कमिश्नरेट के कई थानों में उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई है। वहीं, एफआइआर दर्ज होने पर अर्जुन सिंह ने पलटवार करते हुए बैरकपुर से तृणमूल सांसद पार्थ भौमिक को चुनौती देते हुए कहा कि



वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कहें कि मेरे नाम पर 400 पुलिस थानों में एफआइआर दर्ज करें। इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। अपने बयान पर अडिग सिंह ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। इसलिए यदि 400 पुलिस थानों में मेरे नाम पर एफआइआर दर्ज नहीं की जाती है, तो मेरा सम्मान बरकरार नहीं रहेगा।

मालूम हो कि बैरकपुर से पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने बुधवार को ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा था कि बंगाल में भी नेपाल जैसे व्यापक जन-विद्रोह की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बंगाल के युवाओं को भी नेपाल जैसा ही साहस दिखाना चाहिए। इस टिप्पणी के खिलाफ बैरकपुर से सांसद पार्थ भौमिक के निर्देश पर तृणमूल नेताओं ने कई थानों में सिंह के खिलाफ गुरुवार को एफआइआर दर्ज कराई है। जिसमें आरोप लगाया गया कि अर्जुन सिंह राज्य में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

**❑ 'नेपाल में बंगाल के मुकाबले 10 प्रतिशत भ्रष्टाचार'**

वहीं, अपने बयान पर कायम अर्जुन सिंह ने कहा कि मैं एक बार फिर साफ शब्दों में कह रहा हूं कि नेपाल में बंगाल के मुकाबले 10 प्रतिशत भ्रष्टाचार है। वहां 18 से 30 साल के लड़के-लड़कियों ने सरकार बदल दी। सिंह ने कहा कि बंगाल में एक भ्रष्ट सरकार है, इसने शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, भोजन तक सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार किया है। बंगाल के युवा इसे कब तक बर्दाश्त करेंगे, मैंने उन्हें जगाने के लिए कहा है, मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। सिंह ने कहा कि बंगाल में आज बंगाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म और हत्याएं हो रही है। आरजी कर कांड के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए, लेकिन देखा गया कि कितने डाक्टर बिक चुके हैं। हम कब तक बिकते रहेंगे? अभी तिलोत्तमा (आरजी कर कांड की पीड़िता) के माता-पिता रो रहे हैं। कल हम भी रोएंगे। आरजी कर के बाद ला कालेज में छात्रा से दुष्कर्म हुआ। लेकिन मुख्यमंत्री एक शब्द भी नहीं बोल रही हैं। बंगाल में तृणमूल नेता द्वारा रवींद्रनाथ टैगोर की तस्वीर जलाया जा रहा है। नेपाल की तरह बंगाल में लाखों युवा बेरोजगार हैं। बंगाल के युवा कब तक बर्दाश्त करेंगे। हम इंतजार कर रहे हैं कि कब युवा इस सरकार के खिलाफ सार्वजनिक रूप से खड़े होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भले ही उनके खिलाफ 400 थानों में मामले दर्ज हो जाए, लेकिन वह अपनी स्थिति से हिलने को तैयार नहीं हैं।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाराष्ट्र सरकार ने अहमदनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अहिल्यानगर करने की अधिसूचना जारी की

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद अहमदनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अहिल्यानगर रेलवे स्टेशन करने की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी। राज्य सरकार ने पहले अहमदनगर जिले का नाम बदलकर अहिल्यानगर जिला कर दिया था। इस मामले को आगे बढ़ाने वाले उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया। अजित पवार के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस प्रयास का हिस्सा थे। पिछले महीने पवार ने वैष्णव को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि स्टेशन का नाम बदलकर शहर के नए नाम के अनुरूप कर दिया जाए। पवार ने कहा, ''लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो गई है। नाम बदलने का विशेष महत्व है क्योंकि हम पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष मना रहे हैं।'' शहर का नाम अहिल्यानगर रखे जाने के बाद कई संगठन और नागरिक मांग कर रहे थे कि रेलवे स्टेशन का नाम भी बदला जाए।

### सिक्किम में भूस्खलन में परिवार के चार सदस्यों की मौत, एक घायल

**गंगटोक :** सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वे सो रहे थे जब मध्यरात्रि के आसपास ऊपरी रिम्बी क्षेत्र में भूस्खलन से उनका घर ध्वस्त हो गया। ग्यालशिंग के पुलिस अधीक्षक शेरिंग शेरपा ने कहा कि सिक्किम पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और परिवार के सदस्यों को बचाने की कोशिश की। एसपी ने बताया कि परिवार के छह सदस्यों में से तीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो घायल महिलाओं को ग्यालशिंग जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान सात वर्षीय लड़का जीवित पाया गया और उसे अस्पताल ले जाया गया।

### एचएएल अगले महीने दो 'तेजस मार्क-1ए' लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करेगा

**नयी दिल्ली :** सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) अगले महीने भारतीय वायुसेना को दो 'तेजस मार्क-1ए' लड़ाकू विमान सौंपेगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एचएएल ने कहा कि उसे अमेरिकी रक्षा कंपनी 'जीई एयरोस्पेस' से एक जेट इंजन मिला है और इस महीने के अंत तक एक और इंजन मिल जाएगा जो दोनों लड़ाकू विमानों के लिए उपयोगी होंगे। फरवरी 2021 में, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए विमानों की खरीद के वास्ते एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का सौदा किया था।

# भारतीय पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण से 'बौद्धिक चोरी' रुकेगी : प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'ज्ञान भारतम' पोर्टल शुरू किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण से ''बौद्धिक चोरी'' रुकेगी। उन्होंने कहा कि अन्य लोगों ने देश की पारंपरिक ज्ञान संपदा में मौजूद जानकारी की नकल की और उसका पेटेंट करा लिया। ज्ञान भारतम पर, 'पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत के ज्ञान धरोहर की पुनःप्राप्ति' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल ''स्वदेशी'' और ''आत्मनिर्भर भारत'' की अवधारणा के साथ आगे




बढ़ने के देश के संकल्प का विस्तार है। उन्होंने कहा कि भारत अब सदियों से अपनी पांडुलिपियों में संरक्षित प्राचीन ज्ञान की विरासत को दुनिया के समक्ष गर्व से प्रस्तुत कर रहा है। मोदी ने देश भर में मौजूद इन पांडुलिपियों को डिजिटल बनाने के सरकार के लक्ष्य में साथ काम करने के लिए निजी संगठनों की सराहना की और कहा कि अब तक 10 लाख से अधिक पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भारत थाईलैंड, वियतनाम और मंगोलिया जैसे अन्य देशों के साथ काम कर रहा है, जिनके साथ उसके सांस्कृतिक संबंध रहे हैं और जहां ऐसी पांडुलिपियां हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत के स्वर्णिम अतीत के पुनर्जागरण का साक्षी है। उन्होंने कहा कि इसकी ज्ञान परंपरा इतनी समृद्ध है क्योंकि यह संरक्षण, नवाचार और अनुकूलन के स्तंभों पर टिकी हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह है, जिसमें लगभग एक करोड़ पांडुलिपियां हैं। मोदी ने कहा, ''अतीत में करोड़ों पांडुलिपियां नष्ट हो गईं, लेकिन जो बची हैं, वे दर्शाती हैं कि हमारे पूर्वज ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा के प्रति कितने समर्पित थे।''

## मिजोरम : मोदी आज करेंगे बैराबी-सैरांग रेललाइन का उद्घाटन, राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे

**आइज़ोल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मिजोरम का दौरा करेंगे और बैराबी-सैरांग ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वह आइजोल और दिल्ली के बीच पहली राजधानी एक्सप्रेस और अन्य नयी रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी का यह पूर्वोत्तर राज्य का दूसरा दौरा होगा। मोदी ने दिसंबर 2017 में मिजोरम का दौरा किया था और असम सीमा के पास उत्तर मिजोरम के कोलासिब जिले के सैपुम गांव के नजदीक 60 मेगावाट की तुइरियल जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया था। अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के शनिवार सुबह नौ बजे लेंगपुई हवाई अड्डे पर पहुंचने की उम्मीद है और फिर वह हेलीकॉप्टर से आइजोल थुआमपुई हेलीपैड के लिए उड़ान भरेंगे। उन्होंने



बताया कि मोदी सुबह 10 बजे आइजोल के लामुअल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसके दौरान वह बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे और आइजोल तथा दिल्ली के बीच राजधानी ट्रेन सेवा तथा आइजोल-कोलकाता और आइजोल-गुवाहाटी के बीच दो अन्य नयी रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के दौरान दो शैक्षणिक संस्थानों का उद्घाटन करेंगे और केंद्र की छह परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। अधिकारी ने बताया कि मिजोरम से प्रधानमंत्री मणिपुर के लिए उड़ान भरेंगे, जो मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद उनकी पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले पूरे मिजोरम में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। मिजोरम के पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) एच रामथलेंगलियाना ने कहा कि राज्य भर में सभी पुलिस इकाइयों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और राज्य की राजधानी आइजोल में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की आइजोल यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस के अलावा, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दो-दो कंपनियां तैनात की गई हैं।

## गृहणियों के योगदान को मान्यता देने का समय आ गया है: दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने वैधानिक तंत्र के अभाव को रेखांकित करते हुए कहा है कि संपत्ति के मालिकाना हक के मामले में गृहिणियों की भूमिका को मान्यता देने का 'समय आ गया है', जिनका योगदान 'छिपा है और जिसे कम करके आंका जाता रहा है'। न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने 11 सितंबर को कहा, ''हमारा मानना है कि अब समय आ गया है कि ऐसे योगदानों को सार्थक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए क्योंकि ये योगदान छिपे रहे हैं जिसे कम करके आंका जाता है। हम इस तथ्य पर भी गौर करते हैं कि वर्तमान में, स्वामित्व अधिकारों को लेकर कोई निर्धारण करने या यहां तक कि इन योगदानों के मूल्य का आकलन करने के उद्देश्य से गृहिणियों के ऐसे योगदानों को मान्यता देने का कोई वैधानिक आधार मौजूद नहीं है।'' यह आदेश एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। आदेश में महिला के उस मुकदमे को खारिज कर दिया गया था जिसमें यह घोषित करने की मांग की गई थी कि मुकदमे से संबंधित संपत्ति पर उसका समान और वैध अधिकार है। यद्यपि उच्च न्यायालय ने महिला की याचिका को खारिज करने के पारिवारिक न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा, तथापि उसने सुझाव दिया कि समय रहते विधानमंडल यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय कर सकता है कि गृहणियों का योगदान सार्थक रूप से प्रतिबिंबित हो तथा उनके संपत्ति अधिकारों का निर्धारण करने में भी इन उपाय का उपयोग किया जाए।

## पटाखों पर प्रतिबंध एनसीआर में ही क्यों? पूरे देश के नागरिक स्वच्छ हवा के हकदार: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों पर प्रतिबंध को चुनिंदा तरीके से लागू करने पर सवाल उठाया और कहा कि अगर स्वच्छ हवा राष्ट्रीय राजधानी के 'कुलीन' निवासियों का अधिकार है, तो यह पूरे देश के नागरिकों को भी मिलना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों के विनियमन से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''अगर एनसीआर के शहर स्वच्छ हवा के हकदार हैं, तो दूसरे शहरों के लोग क्यों नहीं?... जो भी नीति होनी चाहिए, वह अखिल भारतीय स्तर



पर होनी चाहिए। हम केवल इसलिए दिल्ली के लिए नीति नहीं बना सकते कि वे देश के कुलीन नागरिक हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं पिछली सर्दियों में अमृतसर में था और वहां प्रदूषण दिल्ली से भी बदतर था। अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है, तो उन्हें पूरे देश में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।'' न्याय मित्र, वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कहा, ''कुलीन वर्ग अपना ख्याल खुद रखता है। प्रदूषण होने पर वे दिल्ली से बाहर चले जाते हैं।'' पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से इस मुद्दे पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करने को कहा। विधि अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण आभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) प्रदूषण कम करने के लिए 'हरित पटाखों' की व्यवहार्यता की जांच कर रहा है। पटाखा निर्माताओं की ओर से पेश वकील ने नीरी को अनुमेय रासायनिक संरचना निर्धारित करने का सुझाव दिया, जिसे उद्योग पटाखों के डिजाइन में शामिल कर सके।

## इंस्टामार्ट की क्विक इंडिया मूवमेंट सेल 19 सितंबर से

**कोलकाता :** इंस्टामार्ट 19 सितंबर से अपनी पहली क्विक इंडिया मूवमेंट सेल शुरू कर रहा है। इस सेल में 50,000 से ज़्यादा प्रोडक्ट्स पर 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। कंपनी का कहना है कि सभी सामान सिर्फ़ 10 मिनट में डिलीवर किए जाएंगे।इस सेल में मोबाइल फोन, लैपटॉप, ईयरबड्स, स्मार्टवॉच, ग्रूमिंग किट, मिक्सर-ग्राइंडर, एयर फ्रायर और पावरबैंक जैसे उत्पादों पर बड़े ऑफर होंगे। एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीदारी करने पर 1,000 तक की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी।कंपनी ने बताया कि त्योहारों के दौरान हर दिन शाम 5 से 7 बजे तक खास डील्स और प्रीमियम प्रोडक्ट्स पर विशेष ऑफर मिलेंगे।इंस्टामार्ट का कहना है कि यह सेल ग्राहकों को सस्ते दाम पर बेहतरीन प्रोडक्ट खरीदने का मौका देगी और त्योहारों के मौसम में खरीदारी को और आसान बनाएगी।कंपनी का दावा है कि यह देश की सबसे तेज़ और सबसे बड़ी त्वरित डिलीवरी सेल होगी।

## 10,000 रुपये से कम कीमत में स्मार्टफोन के लिए 5 ज़रूरी फीचर्स

**कोलकाता :** दुर्गा पूजा के मौके पर लोग पंडाल हॉपिंग, स्ट्रीट फूड और तस्वीरों का खूब आनंद लेते हैं। ऐसे में एक अच्छा स्मार्टफोन सब कुछ आसान बना देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि 10,000 रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन में लंबी बैटरी, लो-लाइट कैमरा, मज़बूत कनेक्टिविटी, बेहतर सुरक्षा और आकर्षक डिज़ाइन होना ज़रूरी है। –ळ+ र्छीं 5ऋ और झींश्रीश जैसे स्मार्टफोन इन सभी सुविधाओं के साथ 10,000 रुपये से कम कीमत में उपलब्ध हैं। त्योहार के दौरान ऐसे स्मार्टफोन लोगों के अनुभव को और बेहतर बना रहे हैं। इन स्मार्टफोन के साथ त्योहार की हर याद और भी खूबसूरत बनेगी। बजट में बेहतरीन फीचर्स के साथ ये फोन आपके हाथ में प्रीमियम एहसास देंगे। पूजा के दौरान तेज़ और सुरक्षित कनेक्टिविटी के लिए ये स्मार्टफोन शानदार विकल्प हैं। इन फोन पर कंपनी की विशेष फेस्टिव ऑफर स्कीमें भी लागू हैं, जिससे ग्राहक और भी बचत कर सकते हैं।

## ब्लेंडर्स प्राइड ने फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड्स 2025 के साथ की साझेदारी

**कोलकाता/दुर्गापुर :** ब्लेंडर्स प्राइड (पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर) ने फिल्मफेयर ग्लैमर एंड स्टाइल अवॉर्ड्स 2025 के साथ साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी फैशन, स्टाइल और मनोरंजन की दुनिया में एक मंच तैयार करती है, जो निडर आत्मविश्वास और स्टाइल स्टेटमेंट वाले आइकॉन्स को सम्मानित करता है। ईशान खट्टर को 'फेस ऑफ फैशन, लिमिटलेस टैलेंट', तमन्ना भाटिया को 'मोस्ट डिज़ायरेबल (फीमेल)' और अनन्या पांडे को 'बेस्ट यूथ आइकन (फीमेल)' का अवॉर्ड मिला। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग प्रमुख इशविंदर सिंह ने कहा, यह साझेदारी उन लोगों को सम्मानित करती है, जो फैशन और ग्लैमर में नए ट्रेंड सेट करते हैं और 'द वन एंड ओनली' होने की पहचान को जीते हैं।

## इक्कीस प्रतिशत मौजूदा सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्य राजनीतिक परिवारों से : एडीआर

**नयी दिल्ली :** चुनाव अधिकार संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक देश के 5,204 मौजूदा सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों में से 21 प्रतिशत राजनीतिक परिवारों से आते हैं। लोकसभा में यह हिस्सा सबसे अधिक 31 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय दलों के 3,214 मौजूदा प्रतिनिधियों में 657 (20 प्रतिशत) वंशवादी पृष्ठभूमि वाले हैं। कांग्रेस में यह अनुपात सबसे अधिक 32 प्रतिशत है, जबकि भाजपा में 18 प्रतिशत और माकपा में सिर्फ आठ प्रतिशत सदस्य राजनीतिक परिवारों से हैं। राज्यों के स्तर पर उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है, जहाँ 604 में से 141 (23 प्रतिशत) सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्य राजनीतिक परिवारों से हैं। इसके बाद महाराष्ट्र (129), बिहार (96) और कर्नाटक (94) हैं। अनुपात के लिहाज से आंध्र प्रदेश सबसे आगे है, जहाँ 34 प्रतिशत मौजूदा प्रतिनिधि वंशवादी पृष्ठभूमि से आते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक राज्य स्तरीय दलों में वंशवाद का स्तर और भी ऊँचा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस में 42-42 प्रतिशत, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी में 38 प्रतिशत और तेलुगु देशम पार्टी में 36 प्रतिशत सदस्य राजनीतिक परिवारों से हैं। तृणमूल कांग्रेस (10 प्रतिशत) और अन्नाद्रमुक (4 प्रतिशत) में वंशवाद अपेक्षाकृत कम है। महिला प्रतिनिधित्व में वंशवाद की दर पुरुषों के मुक़ाबले दोगुनी से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक पुरुष सांसदों, विधायकों और एमएलसी में यह हिस्सा 18 प्रतिशत है, जबकि महिलाओं में 47 प्रतिशत। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार और तेलंगाना जैसे राज्यों में महिलाओं की वंशवादी दर पुरुषों की तुलना में कहीं ज़्यादा है। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच की इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वामपंथी दलों और आम आदमी पार्टी में वंशवाद सबसे कम है, जबकि समाजवादी पार्टी, राजद और जद (यू) जैसे जाति-आधारित क्षेत्रीय दलों में 30-40 प्रतिशत तक वंशवादी प्रतिनिधित्व दर्ज किया गया है।

## गुजरात में दो साल में 307 शेरों की मौत; विभिन्न उपायों पर 37 करोड़ रुपये खर्च किये गए: मंत्री

**गांधीनगर :** गुजरात के वन मंत्री मुलुभाई बेरा ने विधानसभा में कहा कि पिछले दो वर्षों में गुजरात में कम से कम 307 एशियाई शेरों की मौत हुई है और इनमें से 41 मौतें अप्राकृतिक कारणों से हुईं। बुधवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) विधायक उमेश मकवाना के प्रश्न का उत्तर देते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शेरों की अप्राकृतिक मौतों को रोकने के लिए इन दो वर्षों के दौरान विभिन्न उपायों पर 37.35 करोड़ रुपये खर्च किए। बेरा ने सदन को बताया कि अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के बीच 141, जबकि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच 166 शेरों की मौत हुई। इन 307 शेरों में से 41 की मौत अप्राकृतिक कारणों से हुई। बीस शेरों की मौत कुओं में गिर जाने के कारण हुई, जबकि नौ अन्य जलाशयों में डूब गए। मंत्री ने बताया कि अन्य कारणों में प्राकृतिक आपदा (दो शेर), सड़क दुर्घटना (दो), ट्रेन की चपेट में आने (पांच) और बिजली का करंट लगने के कारण तीन शेरों की मौत शामिल है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने शेरों की अप्राकृतिक मौत को रोकने के लिए कई उपाय किये हैं जैसे कि विभिन्न स्थानों पर वन्य जीवों के उपचार केंद्र खोलना, पशु चिकित्सकों को नियुक्त करना और समय पर उपचार की सुविधा मुहैया करने के लिए एंबुलेंस सेवा शुरू करना।

## लाडली बहना योजना की मासिक सहायता दिवाली के बाद 1500 और 2028 तक 3000 रुपये होगी: मुख्यमंत्री यादव

**झाबुआ :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि लाडली बहना योजना के तहत मासिक वित्तीय सहायता दिवाली के बाद मौजूदा 1250 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये कर दी जाएगी। यादव, आदिवासी बहुल झाबुआ जिले के पेटलावद में एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह के दौरा 1.26 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,541 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भेजी गयी। यादव ने कहा, इस योजना के तहत लाभार्थियों को दिवाली के बाद 1,500 रुपये और 2028 तक सहायता राशि बढ़ाकर तीन हजार रुपये कर दी जाएगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल के नेताओं के पेट में दर्द होता है, जब सरकार अपनी बहनों का सम्मान करती है। यादव ने जोर देकर कहा, वे (कांग्रेस नेता) दावा करते हैं कि महिलाएं भाजपा के पैसे से शराब खरीदती हैं। यह अपमान है और राज्य इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। अधिकारियों के अनुसार, महिलाओं के लिए 27,147 करोड़ रुपये का विशेष बजट आवंटित किया गया है, जिसमें से 18,699 करोड़ रुपये लाडली बहना योजना के लिए निर्धारित किए गए हैं। यह योजना 10 जून, 2023 को शुरू की गई थी। यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 53.48 लाख से ज्यादा पेंशन लाभार्थियों को 320.89 करोड़ रुपये और 31 लाख महिलाओं को एलपीजी रिफिल सब्सिडी के रूप में 48 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि उनके खातों में भेजी।

## असम पुलिस ने 39 बांग्लादेशी घुसपैठियों को 'वापस खदेड़ा' : हिमंत

**गुवाहाटी :** असम पुलिस ने श्रीभूमि जिले से 39 कथित बांग्लादेशी घुसपैठियों को उनके देश वापस भेज दिया है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' वे बिना अनुमति के घुस आए, हमने कड़ाई से उन्हें पीछे धकेल दिया। तड़के 39 अवैध घुसपैठियों को श्रीभूमि सेक्टर से वापस बांग्लादेश भेज दिया गया। हम एक.एक अवैध घुसपैठिये को ढूंढ निकालेंगे और उन्हें उनके मूल स्थान पर वापस भेज देंगे। असम अपनी धरती पर किसी को ऐसे पैर नहीं पसारने देगा।'' हाल के महीनों में लगभग 500 कथित घुसपैठियों को बांग्लादेश वापस भेजा गया है। शर्मा ने दावा किया है कि राज्य सरकार घुसपैठ मुक्त असम के लिए प्रतिबद्ध है और हर हफ्ते कम से कम 35-40 लोगों को वापस भेजा जा रहा है। असम के मंत्रिमंडल ने हाल ही में आप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम-1950 के तहत एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को मंजूरी दी है, जो जिला आयुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) को राज्य से अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

## वैष्णो देवी मंदिर के लिए यात्रा रविवार से बहाल होगी

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रा 19 दिनों तक स्थगित रहने के बाद रविवार से फिर से शुरू होगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यात्रा 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद स्थगित कर दी गई थी जिसमें 34 लोगों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीबी) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में घोषणा करते हुए कहा, ''जय माता दी! मौसम अनुकूल रहने की स्थिति में वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर (रविवार) से फिर से शुरू होगी। विवरण और बुकिंग के लिए, कृपया वेबसाइट पर जाएं।'' बोर्ड ने इसमें कहा कि खराब मौसम की स्थिति और मंदिर तक जाने वाले मार्ग के आवश्यक रखरखाव के



कारण अस्थायी निलंबन आवश्यक था। बोर्ड ने कहा कि यात्रा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फिर से शुरू होगी, बशर्ते मौसम की स्थिति अनुकूल रहे। एसएमवीडीबी के प्रवक्ता ने तीर्थयात्रियों को वैध पहचान पत्र साथ रखने, निर्धारित मार्गों का पालन करने और तैनात कर्मचारियों के साथ सहयोग करने की सलाह दी। बोर्ड ने कहा, ''पारदर्शिता और पता लगाने की क्षमता के लिए आरएफआईडी-आधारित ट्रैकिंग अनिवार्य रहेगी। लाइव अपडेट, बुकिंग सेवाओं और हेल्पलाइन की सहायता के लिए, श्रद्धालुओं को श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।''

## दिल्ली में अक्टूबर के मध्य तक कृत्रिम वर्षा कराने की योजना

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार 15 अक्टूबर तक कृत्रिम वर्षा का परीक्षण करने की तैयारी कर रही है। दिल्ली सरकार का पर्यावरण विभाग लगातार वायुमंडलीय परिस्थितियों की निगरानी कर रहा है और उसने मौसम विभाग से मानसून की स्थिति और वापसी की तारीख के बारे में अद्यतन जानकारी मांगी है, ताकि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से क्लाउड-सीडिंग (बादल बीजारोपण) के लिए नये समय-सीमा की स्वीकृति के लिए आवेदन किया जा सके। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विभाग मानसून की वापसी के बाद परीक्षण करेगा ताकि इसका सर्वोत्तम परिणाम मिल सके। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग से स्पष्ट जानकारी मिलते ही डीजीसीए को पुनः पत्र लिखकर कृत्रिम वर्षा के इन अभियानों को सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक अनुमति मांगी जाएगी। सिरसा ने कहा कि अंतिम समय-सीमा वायुमंडलीय आंकड़ों की प्रवृत्तियों और बादलों की स्थिति के वैज्ञानिक आकलन के आधार पर तय की जाएगी। सरकार का यह सक्रिय कदम राष्ट्रीय राजधानी में मानसून के बाद गिरते भूजल स्तर और बढ़ते वायु प्रदूषण की चिंताओं को दूर करने की दिशा में उठाया गया है। कृत्रिम वर्षा की यह पहल कड़ी निगरानी में की जाएगी और मौसम विभाग की विस्तृत रिपोर्ट इसके क्रियान्वयन में सहायक होगी। जुलाई में आयोजित प्रेस वार्ता में सिरसा ने घोषणा की थी कि मानसून के आगमन के कारण परीक्षण स्थगित कर दिया गया था। परीक्षण को अगस्त अंत तक टाल दिया गया था क्योंकि बारिश के कारण अपेक्षित परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। चार जुलाई से 11 जुलाई के बीच होना वाला परीक्षण पुनर्निर्धारित किया गया है।

## छत्तीसगढ़: गरियाबंद जिले में मारे गए 10 नक्सलियों पर था कुल 5.25 करोड़ रुपये का इनाम

**गरियाबंद :** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बृहस्पतिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 10 नक्सलियों पर कुल 5.25 करोड़ रुपये का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थानाक्षेत्र में राजाडेरा-मटाल की पहाड़ियों पर सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सली समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया था। उन्होंने बताया कि इस मुठभेड़ में प्रतिबंधित संगठन की केंद्रीय समिति सदस्य (सीसीएम) मोडेम बालकृष्ण उर्फ मनोज भी मारा गया, जिसपर 1.80 करोड़ रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि राजाडेरा-मटाल के पहाड़ी क्षेत्र में उड़ीसा स्टेट कमेटी के धमतरी-गरियाबंद-नुआपाड़ा डिवीजन के नक्सलियों की



उपस्थिति की सूचना मिलने पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा बटालियन, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और ई-30 (जिला पुलिस की एक इकाई) को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान बृहस्पतिवार को जब सुरक्षाबल पहाड़ी पर पहुंचे तब माओवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार से शुक्रवार सुबह आठ बजे तक सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी होती रही। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद जब घटनास्थल और आस-पास के क्षेत्र की तलाशी ली गई तब वहां से चार महिला समेत 10 नक्सलियों के शव बरामद किये गये। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही मुठभेड़ स्थल से एके-47, इंसास, एसएलआर जैसे ऑटोमेटिक हथियार सहित कुल 10 हथियार और भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी नक्सलियों पर छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कुल 5.25 करोड़ रुपये का इनाम था।

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, हथियार बरामद

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार सुबह मुठभेड़ के दौरान दो नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, बीजापुर जिले के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया था। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आज सुबह से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अब तक मुठभेड़ स्थल से दो माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं। साथ ही मौके से .303 राइफल सहित अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी बरामद की गई हैं।

### नेपाल की जेलों से भागे 67 कैदी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़े गए

**नयी दिल्ली :** नेपाल में हालिया सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान वहां की जेलों से भागे संदिग्धों में शामिल 67 लोगों को अब तक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर विभिन्न राज्यों से पकड़ा गया है, जिनमें एक बांग्लादेशी नागरिक और कुछ भारतीय भी शामिल हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा पकड़े गए इन सभी लोगों को संबंधित राज्यों की स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है और इनमें से कुछ को नेपाली सीमा बल – सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) को भी सौंप दिया गया है। एसएसबी ने नेपाल में फंसे भारतीयों के लिए तीन आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, जो 24 घंटे सेवा में तत्पर हैं।

## सऊदी आभूषण डिजाइनरों के लिए भारत के साथ साझेदारी महत्वपूर्ण




**जेद्दा :** सऊदी अरब के आभूषण उद्योग के लिए भारतीय रत्न और शिल्प कौशल क्षेत्र के साथ साझेदारी बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि वह अपने महत्वाकांक्षी लक्जरी बाजारों की जरूरत को पूरा कर सके। राजकुमारी नूराह अल-फैसल ने शुक्रवार को यह बात कही। नून ज्वेल्स की डिजाइनर और संस्थापक ने कहा कि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक सऊदी डिजाइनरों के लिए भारतीय आपूर्तिकर्ता महत्वपूर्ण हैं। कंपनी 30 से अधिक वर्षों से आभूषण बना रही हैं। अल-फैसल ने जेद्दा में एक कार्यक्रम 'एसएजेईएक्स 2025' के दौरान पीटीआई-भाषा को बताया, 'मैं आपको बता सकती हूं कि मेरे लगभग सभी आपूर्तिकर्ता, मेरे 100 प्रतिशत आपूर्तिकर्ता भारतीय हैं।' 'एसएजेईएक्स 2025' आभूषण कारोबारियों की प्रदर्शनी है, जो दुनिया भर के बेहतरीन जौहरी, डिजाइनर, विनिर्माता और उद्योग जगत के प्रमुख लोगों को एक साथ लाती है। अल-फैसल ने कहा, 'अगर आप एक जौहरी हैं, महत्वाकांक्षी हैं, तो मुझे लगता है कि आप ऐसे उद्योग के साथ काम करने से दूर नहीं रह सकते, जो इतना स्थापित, इतना व्यापक और निस्संदेह दुनिया में बाकी सभी से आगे है।' उन्होंने कहा कि सऊदी अरब में पूरी तरह से स्वतंत्र आभूषण उद्योग के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का अभाव है और उसे अपनी क्षमताओं को विकसित करने के लिए अनुभवी साझेदारों की आवश्यकता है।

## न्यायालय ने कोल इंडिया की 2006 की अंतरिम कोयला नीति की वैधता बरकरार रखी

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कोल इंडिया लि. की साल 2006 की अंतरिम कोयला नीति को वैध करार दिया। इस नीति के तहत गैर-बुनियादी उद्योगों की कंपनियों को दिए जाने वाले कोयले की कीमत में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। यह फैसला कोल इंडिया के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है, क्योंकि पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 2012 में इस नीति को रद्द कर दिया था। लेकिन अब उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय का फैसला खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर. महादेवन की पीठ ने कहा, 'उच्च न्यायालय ने इस मामले में गंभीर गलती की थी। हमारे पास उच्च न्यायालय द्वारा चार अप्रैल, 2012 को विवादित फैसले को रद्द करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए कोल इंडिया की अपील मंजूर की जाती है।

## सरकार ने 2025-26 के लिए अफीम पोस्ता की खेती के लिए लाइसेंस नीति जारी की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अफीम पोस्ता की खेती के लिए फसल वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक लाइसेंस नीति की घोषणा की। लगभग 1.21 लाख किसान लाइसेंस पा सकते हैं। इस साल किसान लाइसेंस में 23.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इन तीन राज्यों में पिछले फसल वर्ष के मुकाबले 15,000 अतिरिक्त किसानों को शामिल किया गया है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'केंद्र सरकार ने आज मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए अफीम पोस्त की खेती हेतु लाइसेंस की वार्षिक लाइसेंसिंग ति घोषित की है।' अफीम फसल वर्ष एक अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 तक चलता है।

# अयोग्य 97 लाख वाहनों को कबाड़ में बदलने से मिलेगा 40,000 करोड़ रुपये जीएसटी: गडकरी




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि यदि देश में सभी 97 लाख अयोग्य एवं प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को कबाड़ में तब्दील कर दिया जाए तो केंद्र और राज्यों को जीएसटी के रूप में 40,000 करोड़ रुपये तक का लाभ होगा। उन्होंने बताया कि अगस्त महीने तक तीन लाख वाहन कबाड़ घोषित किए जा चुके हैं जिनमें 1.41 लाख सरकारी वाहन भी शामिल हैं। गडकरी ने वाहन कलपुर्जा विनिर्माताओं के निकाय 'एक्मा' के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमारे अनुमान के मुताबिक करीब 97 लाख वाहनों को कबाड़ में बदलने की जरूरत है। ऐसा होने पर 70 लाख नौकरियां पैदा होंगी और केंद्र एवं राज्यों को जीएसटी राजस्व के तौर पर करीब 40,000 करोड़ रुपये मिलेंगे। उन्होंने निजी क्षेत्र से आग्रह किया कि वाहन को कबाड़ में देने यानी स्क्रैप का प्रमाणपत्र जमा करने वाले ग्राहकों को नए वाहन खरीदते समय कम से कम पांच प्रतिशत की छूट दें। गडकरी ने कहा कि वर्तमान में हर महीने औसतन 16,830 वाहन स्क्रैप हो रहे हैं और निजी क्षेत्र ने इस क्षेत्र में 2,700 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सरकार ने पर्यावरण-अनुकूल तरीके से चलने के अयोग्य हो चुके एवं प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध ढंग से हटाने के लिए 'स्वैच्छिक वाहन बेड़ा आधुनिकीकरण कार्यक्रम' (वी-वीएमपी) लागू किया हुआ है। मोटर वाहन नियमों के तहत वाणिज्यिक वाहनों के लिए फिटनेस जांच कराना अनिवार्य है। यह जांच आठ साल तक हर दो साल पर करना होता है और फिर हर साल करना जरूरी होता है।

## सरकार छह महीने बाद चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग अनिवार्य कर सकती: बीआईएस महानिदेशक



**नयी दिल्ली :** सरकार स्वैच्छिक आधार पर शुरू की गई चांदी के आभूषणों और वस्तुओं की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने की प्रक्रिया की प्रभाविता का मूल्यांकन करने के बाद इनकी हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के बारे में विचार करेगी। सरकार ने चार सितंबर को एक सितंबर से प्रभावी चांदी के आभूषणों और वस्तुओं के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू करने की घोषणा की। इसमें उपभोक्ताओं के हित में धातु की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक डिजिटल पहचान प्रणाली लागू की जाएगी। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने शुक्रवार को से कहा, 'हमें इसका मूल्यांकन करने के लिए कुछ समय चाहिए। छह महीने पर्याप्त होंगे। हम छह महीने तक इस पर गौर करेंगे और उसके बाद विचार करेंगे कि इसे अनिवार्य किया जाए या नहीं।' अधिकारी ने यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में की कि क्या सरकार चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने पर विचार कर सकती है। बीआईएस भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है जिसकी स्थापना बीआईएस अधिनियम 2016 के तहत वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास और उससे जुड़े या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए की गई है। तिवारी ने कहा कि सोने के आभूषणों की तरह इन्हें भी अनिवार्य बनाने पर विचार किया जा रहा है क्योंकि छोटे स्तर पर लोग चांदी पिघलाकर आभूषण बनाते हैं और उन्हें अनिवार्य प्रमाणन के दायरे में लाना एक बड़ी चुनौती है। एक अन्य सवाल के जवाब में तिवारी ने कहा कि ई-परिवहन के क्षेत्र में, बीआईएस ने कई मानक प्रकाशित किए हैं। उन्होंने कहा, 'हमने बैटरी चार्जिंग के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए मानक विकसित किए हैं। हम बैटरी अदला-बदली के लिए भी मानक बना रहे हैं। यह मसौदा चरण में है। अगर हमें ईवी को लोकप्रिय बनाना है, तो हमारे पास ईवी के लिए पेट्रोल पंप जैसा बुनियादी ढांचा होना चाहिए।'

## सकारात्मक संकेतों से बाजार में तेजी बरकरार, सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा



**मुंबई :** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच शुक्रवार को वैश्विक बाजार में तेजी के अनुरूप स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 356 अंक की बढ़त पर रहा जबकि निफ्टी में 108 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के सफल समापन को लेकर नए सिरे से जगी उम्मीदों ने भी बाजारों में तेजी को बढ़ावा दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन 355.97 अंक यानी 0.44 प्रतिशत उछलकर 81,904.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 444.12 अंक बढ़कर 81,992.85 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी भी 108.50 अंक यानी 0.43 प्रतिशत बढ़कर 25,114 अंक पर रहा। यह लगातार आठवां दिन है जब निफ्टी में तेजी रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, मारुति और टाटा मोटर्स के शेयरों में तेजी रही। दूसरी तरफ, इटर्नल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ट्रेंट और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के बाजार अधिकतर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावना को लेकर वैश्विक स्तर पर नए उत्साह के चलते भारतीय बाजार तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

## न्यूज अपडेट

### चांदी की कीमत 1,668 रुपये बढ़कर 1.3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली :** घरेलू वायदा बाजार में शुक्रवार को चांदी 1,668 रुपये बढ़कर पहली बार 1,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की प्रबल संभावना के चलते निवेशकों ने इस कीमती धातु की ओर रुख किया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगले साल मार्च डिलीवरी के लिए चांदी वायदा 1,668 रुपये या 1.3 प्रतिशत बढ़कर 1,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### रिजर्व बैंक ने फोन-पे पर 21 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने 'प्रीपेड भुगतान उपकरणों' (पीपीआई) से संबंधित कुछ मानदंडों का पालन न करने के लिए फोन-पे लिमिटेड पर 21 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए कंपनी के संचालन के संदर्भ में कंपनी का वैधानिक निरीक्षण किया गया था। रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर फोन-पे को एक नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में उसे कारण बताने के लिए कहा गया था कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए।

### विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़कर 698.27 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई :** स्वर्ण भंडार का मूल्य बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 698.27 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पांच सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 54 करोड़ डॉलर बढ़कर 584.47 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 3.53 अरब डॉलर बढ़कर 90.30 अरब डॉलर हो गया।

### टीवीएस मोटर को जीएसटी दर में कटौती के बाद मांग में तेजी आने की उम्मीद

**कोलकाता :** वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी को उम्मीद है कि वाहनों पर जीएसटी दर में कटौती से मांग में तेजी आएगी और कंपनी इसे पूरा करने के लिए तैयार है। कंपनी एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। टीवीएस मोटर ने युवाओं को ध्यान में रखते हुए 150 सीसी का नया स्कूटर पेश किया है। टीवीएस मोटर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (यात्री और ईवी कारोबार) अनिरुद्ध हालदार ने कहा, 'वाहन क्षेत्र पर जीएसटी दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करना एक बड़ा कदम है और इससे मांग में तेजी आएगी। टीवीएस इस बढ़ती मांग को पूरा करने की क्षमता रखती है।' हालदार ने कहा कि टीवीएस भारत में तीसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी है और पेट्रोल एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) दोनों खंडों में मौजूद है। उन्होंने कहा कि कंपनी ईवी दोपहिया वाहन खंड में बाजार की अग्रणी कंपनी है। हालदार ने कहा, 'मैसूर, हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु में कारखानों के साथ, कंपनी के पास मांग में अपेक्षित वृद्धि को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता है।'




वर्ष 10, पूर्णांक 3356 अंक 166, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in